विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911

# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



**विविधा**
नई दिल्ली में संसद परिसर में वक्फ संशोधन अधिनियम पर चर्चा करने के लिए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू से मुलाकात की



**देश-विदेश**
ब्राजील में बड़ा हादसा, 62 लोगों को लेकर जा रहा विमान हुआ दुर्घटनाग्रस्त



**फीचर पेज**
डॉक्टर से सलाह लिए बिना दवा खाना कितना खतरनाक, आप भी तो नहीं कर रहे यह गलती?



# 24 राज्यों में बारिश और ओडिशा के 10 जिलों में बाढ़ की चेतावनी, हिमाचल में भूस्खलन, 128 सड़कें बंद

**नईदिल्ली, 10 अगस्त [एजेंसी]।**

मूसलाधार बारिश के चलते पहाड़ों पर भूस्खलन की घटनाएं थम नहीं रहीं। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में पहाड़ से गिरे पत्थर की चपेट में एक युवक की मौत हो गई। दो राष्ट्रीय राजमार्ग समेत 128 सड़कों पर यातायात ठप रहा। वहीं, पंजाब और हरियाणा समेत 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में अगले सात दिन भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। मंडी में औट पुलिस थाना के तहत मंडी-मनाली नेशनल हाईवे पर हणोगी पुल के पास बस का इंतजार कर रहे युवक की पहाड़ी से गिरे पत्थर की चपेट में आने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि नेपाल मूल का यह युवक अपने दोस्त के साथ हणोगी आया था। वापस कुल्लू जाने के लिए बस का इंतजार कर रहा था। उसकी पहचान शमशानी (25) के रूप में हुई है। भूस्खलन के कारण शिमला-किन्नौर एनएच 20 घंटे और चंडीगढ़-मंडी एनएच 13 घंटे रहा बंद रहा। रात भर लोग गाड़ियों में ही फंसे रहे। आज सुबह एनएच यातायात के लिए एकतरफा बहाल किया गया। प्रदेश में 128 सड़कें, 44 बिजली ट्रांसफार्मर और 67 पेयजल योजनाएं ठप रहे। हिमाचल प्रदेश में 31 जुलाई की रात को श्रीखंड महादेव की पहाड़ियों पर बादल फटने से समेज और कुर्पण खड्ड में आई बाढ़ में मरने वालों की संख्या 28 हो गई है। शिमला जिले में छह और शव बरामद किए गए। अभी 30 से अधिक लोग लापता हैं, जिनकी तलाश के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सुन्नी बांध स्थल में भी चार लोगों के शव बरामद हुए हैं।मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश और आसपास के इलाकों, राजस्थान और दक्षिण झारखंड और पड़ोसी इलाकों में कम दबाव के क्षेत्र ठीक ऊपर चक्रवाती हवाओं का प्रवाह बना हुआ है। इसके प्रभाव से अगले सात दिनों तक 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में पूरे अगले सात दिन मूसलाधार बारिश होने की संभावना है। राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली और मध्य प्रदेश शामिल है। इसके अलावा, छत्तीसगढ़, गोवा, महाराष्ट्र, तेलंगाना, केरल, कर्नाटक, तटीय आंध्र प्रदेश और पूर्वोत्तर के सभी सातों राज्यों में भी इस दौरान भारी बारिस हो सकती है।ओडिशा में हीराकुंड बांध से पानी छोड़े जाने के बाद महानदी का जल स्तर बढ़ गया। इसको देखते हुए राज्य के विशेष राहत आयुक्त सत्यव्रत साहू ने 10 जिलों के कलेक्टरों को बाढ़ को लेकर अलर्ट किया है। इनमें संबलपुर, सोनपुर, अंगुल, पुरी, कटक, जगतसिंहपुर और केंद्रपाड़ा शामिल हैं। हीराकुंड बांध से 5.78 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। साहू ने जिला कलेक्टरों से निचले इलाकों में रहने वाले लोगों पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया है।

## मुझ पर और अरविंद केजरीवाल पर बजरंगबली का आशीर्वाद, पूजा के बाद बोले मनीष सिसोदिया

**नईदिल्ली, 10 अगस्त [एजेंसी]।**


दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम और आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया कल जेल से बाहर आए। इसके बाद उनके दिल्ली सरकार में बतौर मंत्री लौटने संभावना भी जताई जा रही है। उन्होंने अपनी पत्नी सीमा



सिसोदिया के साथ चाय पी। इसके बाद आप के वरिष्ठ नेता कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर गए। यहां पर उन्होंने पूजा की। इस दौरान पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने कहा कि भगवान बजरंगबली का आशीर्वाद मुझ पर है। अरविंद केजरीवाल पर भी भगवान बजरंगबली का आशीर्वाद है और आप देखेंगे कि केजरीवाल जी पर भी उसी तरह आशीर्वाद रहेगा। दिल्ली के मंत्री और आप नेता सौरभ भारद्वाज कहते हैं कि जब भी आम आदमी पार्टी पर कोई संकट आया है, हनुमानजी ने उसे दूर किया है। इसीलिए हम यहां हनुमानजी का आशीर्वाद लेने आए हैं। इसके बाद आप नेता मनीष सिसोदिया पार्टी नेताओं के साथ महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने राजघाट पहुंचे। यहां पर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित किया।



## जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 5 आतंकियों के जारी किए स्केच, पांच लाख का इनाम घोषित



**कठुआ।** जम्मू-कश्मीर में आतंकियों को ढेर करने के लिए पुलिस और सेना के जवान मिलकर संयुक्त अभियान चला रहे हैं। रियासी आतंकी हमले के बाद से ही जम्मू संभाग में आतंकी वारदातें बढ़ गईं। इस क्रम में सुरक्षाकर्मियों और आतंकियों के बीच कई मुठभेड़ भी हुईं। इसी कड़ी में जम्मू-कश्मीर की कठुआ पुलिस ने चार आतंकवादियों के स्केच जारी किए है। मिली जानकारी अनुसार, कठुआ पुलिस ने चार आतंकवादियों के स्केच जारी किए हैं। इन आतंकियों को आखिरी बार मल्हार, बानी और सियोजधार के ढोक में देखा गया था। आतंकियों का पता लगाने वालों को पांच लाख का इनाम भी दिया जाएगा। वहीं, विश्वसनीय जानकारी देने पर उचित पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

## जशपुर में जंगली हाथी ने चार लोगों को कुचलकर मारा

**जशपुरनगर, 10 अगस्त [एजेंसी]।**

हाथी समस्या से जूझ रहे जशपुर जिले में शुक्रवार और शनिवार की मध्य रात बड़ी घटना हो गई। दल से अलग हो कर भटक रहे हाथी ने कच्चे मकान को निशाना बनाया। कच्चे मकान को दाँत से गिराने के दौरान जान बचाने के लिए भाग रहे परिवार के तीन लोगो को कुचल दिया। चीख पुकार सुनकर मौक़े पर सहायता के लिए पहुँचे पड़ोसी को भी दंतैल ने कुचल दिया। घटना जिले के बगीचा नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 9 की है। जानकारी के अनुसार मध्य रात लगभग 9 बजे हाथी यहां पहुंचा था। हाथी ने रामकेश्वर सोनी के कच्चे मकान को निशाना बनाया। इस समय रामकेशवर सोनी परिवार



सहित सो रहे थे। हाथी ने जैसे ही घर के दीवार को गिराया,उनकी नींद खुली तो सामने में हाथी खड़ा हुआ था। हाथी को देख कर जान बचाने के लिए रामकेश्वर परिवार सहित बाहर भागने का प्रयास किया। इसी दौरान हाथी ने रामकेशवर सोनी 35 वर्ष,उसकी बेटी रविता सोनी 9 वर्ष और छोटे भाई अजय सोनी 25 वर्ष को कुचल कर मार दिया।

चीख पुकार सुन कर सहायता के लिए पहुँचे पड़ोसी अश्वनी कुजूर को भी हाथी ने सूंड से खींचकर पैरो से कुचल दिया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में डर का वातावरण बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि बीते 25 दिनों में हाथी के हमले की अलग अलग घटना में 9 लोगो की जान चुकी है। बगीचा से पहले जिले के तपकरा रेंज के रांपाडांड में हाथी ने दो सगे भाइयो को कुचल कर मारा दिया था।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## महंगाई भत्ते पर बड़ी घोषणा कर सकती है राज्य सरकार

**रायपुर, 10 अगस्त [एजेंसी]।**

महंगाई भत्ते की उम्मीद लगाए बैठे सरकारी कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर निकलकर सामने आई



है। सरकार रक्षाबंधन से पहले महंगाई भत्ते का ऐलान कर सकती है। दरअसल, कुछ दिन पहले छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने से मुलाकात की थी। इस दौरान मंत्री ओपी चौधरी ने आश्वस्त किया था। मंत्री चौधरी ने कहा था कि जल्द ही देय तिथि से लंबित 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने का आदेश जारी किया जाएगा।

## हमें भारत आने दो पानी में खड़े होकर बीएसएफ से मिन्नतें कर रहे हजारों बांग्लादेशी हिंदू, लगा रहे जय श्री राम के नारे

**नईदिल्ली, 10 अगस्त [एजेंसी]।**

बांग्लादेश में भले ही नई सरकार बन गई है, लेकिन वहां हिंसा अभी भी जारी है। प्रदर्शनकारी, अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बना रहे हैं। बांग्लादेश से कई हिंदू परिवार अपने घर छोड़कर भारत आना चाहते हैं।हजारों की तादाद में हिंदू समुदाय के लोग भारत-बांग्लादेश सीमा पर मौजूद हैं। बंगाल के कूचबिहार के सितालकुची में करीब 1000 बांग्लादेशी जलाशय में खड़े होकर बीएसएफ से अनुरोध कर रहे हैं कि उन्हें भारत में प्रवेश की इजाजत दी जाए। हालांकि, सीमा सीमा सुरक्षा को लेकर बीएसएफ भी अलर्ट है। बीएसएफ अधिकारियों ने बताया कि अब तक भारत में प्रवेश करने की कोशिश करने वालों का यह सबसे बड़ ग्रुप है। कूचबिहार के काशियार बरुनी इलाके के पठानटुली गांव में सीमा पार करने की कोशिश



कर रहे लोगों में इतनी हताशा थी कि वे बाड़ के पार जलाशय में घंटों इंतजार करते रहे। कुछ लोग जय श्री राम और भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे।

बीएसएफ कर्मियों ने इन लोगों को सीमा के जीरो पॉइंट (नो मैन्स लैंड) से 150 गज की दूरी पर बाड़ पार करने से रोक दिया । बीएसएफ जवानों की कई बार की गई अपील के बावजूद ये लोग बांग्लादेश के रंगपुर जिले के दोई खावा और गेंदुगुरी गांवों में अपने घरों को लौटने के लिए तैयार नहीं थे।बीएसएफ की एक विज्ञप्ति में कहा गया है, यह उभरती चुनौती बीएसएफ के लिए नई है। बंगाल के उत्तर 24 परगना के पेट्रापोल में पिछले कुछ दिनों से बांग्लादेश से लोगों का आना जारी है। सीमा पर नजर रखने की खातिर सरकार ने एक समिति का गठन किया है। सीमा सुरक्षा बल के पूर्वी कमान के एडीजी को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। इससे पहले बांग्लादेश सीमा पर सीमा सुरक्षा बल ने सतर्कता बढ़ा दी है। बता दें कि बांग्लादेश में हिंसा की घटनाओं ने भारत सरकार की चिंता बढ़ा दी है।

पेवर ब्लॉक
सीमेंट से निर्मित (राखड़ मुक्त) उच्च क्वालिटी के पेवर ब्लॉक
जिग्जैक आई कॉस्मिक बर्फी एक्सकॉन
एवं अन्य प्रकार के डिजाइन में
उचित मुल्य पर उपलब्ध
चेकर टाईल्स
पेट्रोल पंप के लिए रबर मोल्ड जिग्जैक भी उपलब्ध है ।
संपर्क करें - 94255-40449
ऐरन इंटरप्राईजेस
कोरबा (छ.ग.)

## पटना में रौद्र रूप में आई गंगा, तीन स्थानों पर जल स्तर लाल निशान के पार, लोगों की बढ़ी टेंशन

**पटना, 10 अगस्त [एजेंसी]।**

पटना में गंगा नदी रौद्र रूप में आ गई है। पटना में तीन स्थानों पर नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। गांधी घाट के बाद अब दीघा घाट और हाथीदह में पानी में तेजी से वृद्धि हुई है। हालांकि गांधी घाट पर जलस्तर स्थिर है।गंगा सोन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल की रिपोर्ट के अनुसार गांधी घाट पर 66, दीघा घाट पर तीन और हाथीदह में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 35 सेंटीमीटर ऊपर है। पुनपुन और सोन नदी में भी उफान है हालांकि उसका पानी फिलहाल स्थिर है। गंगा



के अलावा पुनपुन और सोन नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।

श्रीपालपुर में शाम तक पुनपुन खतरे के निशान को पार कर गई। पुनपुन बाढ़ नियंत्रण के जेई राहुल कुमार ने बताया कि शुक्रवार की शाम चार बजे तक श्रीपालपुर मे पुनपुन नदी के जलस्तर खतरे के निशान से एक सेमी ऊपर है। मनेर दियारा के निचले इलाके छिहत्तर और महावीर टोला को जोड़ने वाली सड़क जलमग्न हो गई है। दानापुर के दियारा इलाके में बाढ़ की आशंका बढ़ गई है। अभी से ही लोग सुरक्षित स्थान की तलाश में जुट गए हैं।

## उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के सख्त निर्देश, ड्यूटी से गायब चल रहे 15 चिकित्सक होंगे बर्खास्त



**लखनऊ।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में लापरवाह चिकित्सकों पर शिकंजा कस दिया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर ऐसे 29 डाक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसमें ड्यूटी से लंबे समय से गायब चल रहे 15 चिकित्सकों को बर्खास्त किया जाएगा। वहीं लापरवाही बरतने के आरोपित 10 डाक्टरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने के आदेश दिए गए।

वित्तीय अनियमितता के आरोपित दो अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों (एसीएमओ) की वेतन वृद्धि खिलाफ भी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बिना किसी सूचना के लंबे समय से गायब चल रहे जिन 15 चिकित्सकों को बर्खास्त किए जाने के आदेश दिए गए हैं, जल्द इनकी बर्खास्तगी की प्रक्रिया शुरू होगी।

## ब्रॉन्ज मेडलिस्ट हॉकी टीम भारत लौटी, खिलाड़ियों ने ढोल-नगाड़ों पर लगाए ठुमके, दिल्ली एयरपोर्ट पर फैंस ने किया स्वागत



**नईदिल्ली, 10 अगस्त [एजेंसी]।**

पेरिस ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतने के बाद हॉकी टीम भारत वापस लौट आई। शनिवार सुबह दिल्ली एयरपोर्ट पर टीम उतरी। एयरपोर्ट से बाहर निकलने पर खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया। वहीं, हॉकी टीम ने ढोल-नगाड़ों पर जमकर डांस किए। हॉकी टीम के खिलाड़ी पीआर श्रीजेश, अमित रोहिदास, राज कुमार पाल, अभिषेक, सुखजीत सिंह और संजय ओलिंपिक समापन समारोह के बाद वापस आएंगे।गौरलतब हो कि भारत ने ब्रॉन्ज मेडल मैच में स्पेन को 2-1 से हराया था। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दोनों ही गोल दागे थे। भारतीय हॉकी टीम ने 1968 और 1972 ओलंपिक के बाद दो बार लगातार ओलंपिक मेडल जीतने का कमाल किया। भारतीय हॉकी टीम ने अभी तक 13 ओलंपिक मेडल जीते है। मेडल जीतने के बाद भारत के कुछ खिलाड़ी वतन लौट आए। हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सहित अन्य खिलाड़ी शनिवार को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचें। यहां दर्शकों ने खिलाड़ियों को भव्य स्वागत किया। साथ ही ढोल-नगाड़ों पर जमकर डांस किया। कप्तान हरमनप्रीत ने मेडल लुक दिया। भारतीय हॉकी टीम की दीवार श्रीजेश ने ओलंपिक में अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच खेला। श्रीजेश ने जीत के साथ विदाई ली।

## एक ही परिवार के 4 लोगों पर धारदार हथियार से हमला, 3 की मौत

**बेगूसराय।** बिहार में बेगूसराय के बछवारा थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक ही परिवार के चार लोगों पर चाकू से हमला बोल दिया गया। इस हमले में तीन की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कल रात संजीवन सिंह अपने पूरे परिवार के साथ सो रहे थे। तभी अपराधी किसी तरह घर मे प्रवेश कर गए और उन पर हमला कर दिया। इस घटना में संजीवन सिंह और उनकी पत्नी संजीता देवी तथा उनकी एक पुत्री की मौत हो गई।

# प्रदेश में आदिवासियों का हो रहा उत्थान : लखन लाल देवांगन



कोरबा । विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बुधवारी स्थित आदिवासी शक्तिपीठ स्थल पर आयोजित मूल निवासी महोत्सव कार्यक्रम में पहुंचे वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में आदिवासी समाज ही नहीं सभी समाज के कल्याण के लिए योजनाएं बनाकर उनका उत्थान किया जा रहा है। वे एक संवेदनशील मुख्यमंत्री हैं और गरीबों के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। प्रदेश का मुख्यमंत्री आदिवासी समाज से है। देश का महामहिम राष्ट्रपति भी आदिवासी समाज से हैं। इससे बहुत गौरव की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी देश को विकास के रास्ते पर आगे ले जाना चाहते हैं। वर्ष 2047 तक उन्होंने विकसित भारत का लक्ष्य निर्धारित किया है। आप सभी देश को विकास के रास्ते पर ले जाने सहयोग करें।मुख्य अतिथि मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि जब मैं महापौर था, तब से समाज द्वारा मुझे सम्मान दिया जाता रहा है। आदिवासी शक्तिपीठ स्थल में विकास हेतु लगातार कार्य कराया गया है। बहुत खुशी होती है कि अब शक्तिपीठ स्थल में आदिवासी समाज के युवा एवं छात्र लाभान्वित हो रहे हैं। यहां रहकर शिक्षा प्राप्त कर एक अच्छा नागरिक बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज प्रकृति की पूजा करने वाला सीधा-सादा और सरल समाज है। उन्होंने आदिवासी समाज को शिक्षा से जुड़े रहने और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि छत्तीसगढ़ व कोरबा जिला के विकास में आदिवासी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है। मंत्री ने आदिवासी समाज द्वारा स्थापित शक्तिपीठ परिसर में बाउण्ड्री वॉल तथा सौंदर्यीकरण तथा अन्य विकास कार्यों के लिए 50 लाख रूपए विधायक निधि से देने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि श्रीमती शिवकला छत्रपाल सिंह कँवर ने सभी को आदिवासी दिवस की बधाई दी और कहा कि विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन हमें अपने अस्तित्व का बोध कराती है। आदिवासी शक्तिपीठ और समाज के श्री मोहन सिंह प्रधान, आर. एस. मार्को सहित अन्य ने अपने उदबोधन में कहा कि आज भारत ही नहीं, संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा भी आदिवासी, मूल निवासी दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने समाज को संघर्ष कर शिक्षित रहने और संगठित बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर समाज के लोगों एवं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

# स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान और भारत के विकास तथा प्रगति की ली शपथ



कोरबा । हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिले में 09 अगस्त से 15 अगस्त तक जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित किए जाएंगे। इसी कड़ी में आज पहले दिन मुख्य अतिथि वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने कलेक्ट्रेट कोरबा परिसर में हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने आम नागरिकों, अधिकारियों-कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए भारत के स्वतंत्रता सेनानियों, वीर सपूतों की भावनाओं का सम्मान करने तथा भारत के विकास एवं प्रगति के लिए समर्पित रहने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में पहुंचे अधिकारी, कर्मचारी तथा पुलिस के जवानों ने बाइक के माध्यम से तिरंगा यात्रा में शामिल होकर देशप्रेम की भावना को बनाए रखा। इस अवसर पर कलेक्टर श्री अजीत वसंत तथा पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी ने भी तिरंगा यात्रा में अपनी भागीदारी दी। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान देश प्रेम की भावनाओं से जुड़ा है। यह गौरवान्वित करने वाला क्षण है। हम अपने तिरंगा का सम्मान करते हैं। यह हमारे देश की पहचान होने के साथ ही हम सभी भारतवासियों में देश प्रेम की भावना को विकसित करता है। हम सभी भारतीय हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ें और देश के स्वतंत्रता सेनानियों, वीर सपूतों को सम्मान दें। उन्होंने जिले वासियों से अपील की कि जिले में आयोजित होने वाले महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में वे शामिल हों और हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाएं। हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत सभी भारतीय नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि आमजन मेंदेश भक्ति की भावना विकसित हो तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में भी वृद्धि हो। इस अभियान के तहत तिरंगा यात्राएं, तिरंगा रैलियां, तिरंगा दौड़ और मैराथन, तिरंगा कॉन्सर्ट्स, तिरंगा कैनवास, तिरंगा प्रतिज्ञा, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा सम्मान व तिरंगा मेला जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने जिले के अंतर्गत सार्वजनिक उपक्रमों, स्व-सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों आदि के समस्त कर्मचारियों एवं उनके परिवार की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने, कॉर्पोरेट और निजी संगठनों को भी सीएसआर संसाधनों सहित भाग लेने और योगदान व प्रोत्साहित करने, राज्य सरकार की वेबसाइटों और सोशल मीडिया का उपयोग कर जागरूकता फैलाने व हर घर तिरंगा कार्यक्रम को वेबसाइट के माध्यम से लिंक करने हेतु निर्देशित किया है।

## आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत 'हर घर तिरंगा' अभियान का पहला दिन




कोरबा । आज जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा में जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा सीईओ के मार्गदर्शन में स्वतंत्रता सप्ताह आजादी के अमृत महोत्सव (9 अगस्त से 15 अगस्त 2024) तक के दौरान हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली निकाली गई और रैली के माध्यम से लोगो से हर घर तिरंगा फहराने की अपील की गई। कार्यक्रम नोडल श्री रूपेश कहरा बीपीएम, श्री अनिल एबीपी, श्री जीवन एसबीएमजी ,कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के अधीक्षिका मैम, बच्चों और पोड़ी उपरोड़ा के अधिकारी/कर्मचारी व पिरामल टीम उपस्थित हुए। इसी तरह आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कोरबा में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



## श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने दिव्यांगजनों को वितरित किए मोटराइज्ड ट्राइसाइकल

कोरबा। समाज कल्याण विभाग द्वारा आज जिले के 12 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकल, इलेक्ट्रॉनिक व्हील चेयर प्रदान किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री लखनलाल देवांगन, उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री ने सभी दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकल अपने हाथों से प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शासन द्वारा दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। मोटराइज्ड ट्राइसाइकल से उनकी निर्भरता किसी और पर नहीं रहेगी तथा आने जाने में समय की बचत भी होगी। इस दौरान कलेक्टर श्री अजीत वसंत और पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी तथा उपसंचालक समाज कल्याण श्रीमती सिनीवाली गोयल तथा जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# युवा कांग्रेस का स्थापना दिवस मना राजीव भवन में

कोरबा। भारतीय युवा कांग्रेस के 65 वीं स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर युवा कांग्रेस कमेटी कोरबा शहर के तत्वाधान में डी डी एम स्कूल रोड में नवनिर्मित राजीव भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में भारतीय युवा कांग्रेस के ध्वज का ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों को त्याग, न्याय, शांति, धर्म, विज्ञान, समृद्धि एवं सत्य की राह पर चलने के लिए शपथ दिलाया और कहा कि युवा कांग्रेस के स्थापना का 64 वर्षों का सफर आधुनिक भारत की कहानी कहता है। आज का दिन इसलिए और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस दिन युवा कांग्रेस अपने 65वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। श्री अग्रवाल ने युवा कांग्रेस के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए आगे कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एवं भारतीय युवा कांग्रेस ने हमेशा भारत के लोगों की भलाई और प्रगति के लिए काम किया है। हम देश की एकता और अखंडता के लिए लोकतंत्र और संविधान की स्वतंत्रता कायम रखने तथा कांग्रेस हमेशा से राष्ट्रहित के मामलों में आगे रही है। कांग्रेस ने सभी के हितों का ख्याल रखा है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि युवा कांग्रेस ने भारतीय कांग्रेस कमेटी के साथ कदम पर कदम मिलाते हुए हर स्थिति में सत्य, अहिंसा और संघर्ष के मार्ग पर चला है तथा हमेशा जनता के हित में कदम उठाया है।प्रदेश कांग्रेस सचिव विकास सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने भारत की मजबूत नींव रखने में



सशक्त भूमिका निभाई है। जिसकी वजह से भारत विश्व में एक मजबूत शक्ति बनकर उभरा है।युवा कांग्रेस के जिला प्रभारी पुष्पेंद्र साहू ने अपने उद्बोधन में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से कहा कि युवा कांग्रेस हर एक भारतीय की आवाज बुलंद करेगी। आज देश नाजुक दौर से गुजर रहा है। ऐसे में हम सबको उठना होगा, जागना होगा और देश को बचाना होगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सपना चौहान ने भी युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राकेश पंकज, कमलेश गर्ग, अमित सिंह, राजू बर्मन, अरूण यादव, अरविंद, रविसिंह चंदेल, महेन्द्र निर्मलकर, गणेश महंत, अनिल कुमार, मनोज कश्यप, आशिफ कुरैशी, शशीराज, बली चौहान, अश्वनी पटेल, अमित चौहान, पवन विश्वकर्मा, मनीष कुमार, अजीत कुमार, पूजा मिश्रा, रूपेश साहू, आकाश प्रजापति, योगेश महंत, विवेक श्रीवास, प्रीतम पाल, अनिल मांझी, अनिश, साहिल, शिवराज, अभिषेक लहरे, शिवम सिंह, योगेश महंत, संजय भारिया, गौरीशंकर राठौर, गोपाल दास, राजेश यादव, मेहताब अलि, अंकित चौहान, सहित भारी संख्या में युवा कांग्रेस के सदस्य उपस्थित थे।

## व्यस्तम भरे जीवन में दोस्तों के लिए समय जरुर निकालें : पार्षद नरेंद्र देवांगन



कोरबा । कोरबा अंचल के पॉम मॉल में आयोजित तेरा यार हू मै सीजन 5 के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वॉर्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन शामिल हुए।इस अवसर पर मुख्य अतिथि नरेंद्र देवांगन ने कहा की मित्रता दिवस पर इस तरह के सार्वजनिक कार्यक्रम होते रहने चाहिए, आज भागमभाग भरी जीवन में दोस्तों को एक दूसरेसे मिल नहीं पाते हैं। व्यवस्तम जिंदगी में दोस्ती सिर्फ सोशल मीडिया तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए। जब समय मिले आपस में समय जरुर व्यतित करे, दोस्ती सिर्फ एक मनोरंजन का विकल्प नहीं होना चाहिए, दोस्ती में हर सुख दु:ख में शामिल होते हुए उम्रभर निभानी चाहिए। पार्षद नरेंद्र देवांगन ने कहा की इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए। इस अवसर पर डांस और संगीत का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में रामकुमार राठौर, मनोज यादव, मुकुंद सिंह कंवर, वैभव शर्मा, नरेन्द्र गोस्वामी, गणेश महंत, शिवम सेवन समेत अधिक संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## हॉकी खिलाड़ियों का सम्मान

कोरबा। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़ द्वारा रायपुर जिला में आवासीय बालिका खेल अकादमी सत्र 2024-25 तथा बिलासपुर जिला में खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बहतराई एवं राज्य शासन द्वारा संचालित अकादमियों में हॉकी खेल के लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल आयोजित किया गया। इस चयन ट्रायल में कोरबा जिला से गोपाल दास महंत, हॉकी प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में कुल 30 प्रतिभावान खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिनमें से कु. नंदनी खुंटे, कु. निकिता महंत, कु. ममता धीवर एवं कु. सावित्री सागर कुल 04 खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर आवासीय बालिका खेल अकादमी रायपुर में अपना स्थान हासिल कर अकादमी हेतु चयनित हुए। इसी तरह कु. नैंसी बरेठ एवं रितेश टंडन कुल 02 खिलाड़ियों का चयन खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बहतराई बिलासपुर अंतर्गत आवासीय बालक/बालिका खेल अकादमी में हुआ। सभी चयनित खिलाड़ी क्रमश: रायपुर एवं बिलासपुर आवासीय अकादमी में आज प्रवेश हेतु रवाना हुए। खेल अधिकारी, जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने सभी चयनित खिलाड़ियों को अकादमी में प्रवेश हेतु तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करी।

# रेल सुविधाओं के लिए केन्द्रीय मंत्री से मिलीं कोरबा सांसद ज्योत्सना

### कोरबा-गेवरा रोड तक पूर्व की तरह यात्री ट्रेन चलाने का आग्रह

कोरबा । सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर कोरबा जिला सहित संसदीय क्षेत्र में यात्री सुविधाओं के संबंध में मांग पत्र सौंपा है।सांसद ने रेल मंत्री को अवगत कराया कि करीब साल भर से कोरबा-गेवरा रोड के बीच यात्री ट्रेनों को अस्थायी रूप से रद्द कर दिया गया है। कोरबा-कुसमुंडा और गेवरारोड के बीच की सडक़ अत्यंत ही जर्जर है जिससे कुसमुंडा, गेवरा की ओर जाने वाले यात्रियों को अनेकों कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए तत्काल प्रभाव से कुछ यात्री ट्रेनों को गेवरा रोड तक पूर्व की तरह चलाया जाए।सांसद ने रेल मंत्री से मांग की है कि कोरबा रेल्वे स्टेशन, चाम्पा रेल्वे स्टेशन, सक्ती रेल्वे स्टेशन नैला रेल्वे स्टेशन में बिस्तरयुक्त प्रतिक्षालय का निर्माण व कोरबा, चाम्पा, सक्ती में विकलांगों, वृद्धजनों, महिलाओं व अन्य को एक प्लेट फार्म से दूसरे प्लेट फार्म में जाने हेतु रैम्प का निर्माण किया जाना चाहिए। सारागांव रेल्वे स्टेशन का जीर्णोद्धार व सर्व सुविधायुक्त बनाया जाये, सक्ती में फुट ओवर ब्रिज में एस्कलेटर की आवश्यकता एवं उच्च स्तरीय वेटिंग हॉल निर्माण, सक्ती रेल्वे स्टेशन में शेड निर्माण, यूरिनल, पेय जल एवं अन्य यात्री सुविधा का विस्तार किया जाए। सांसद ने रेल मंत्री से कहा कि औद्योगिक नगरी कोरबा को जोडने़ वाले चाम्पा रेल्वे स्टेशन में 128601/12859 गीतांजली एक्सप्रेस, 20471/20472 बीकानेर-पुरी का ठहराव दिया जाये, सक्ती में नगरवासियों की बहुप्रतिक्षित मांग गोंडवाना एक्सप्रेस का स्टापेज सुनिश्चित किया जाए।रेल संघर्ष समिति कोरबा के द्वारा सांसद को ज्ञापन सौंपकर यात्री सुविधाओं के संबंध में मांग की गई है जिस पर सांसद ने समस्याओं से रेल मंत्री को बताया है कि त्योहारों, छुट्टियों, शादी-ब्याह के अवसरों में रेलवे बिना बताए, बिना कारण के यात्री ट्रेनों को रद्द कर देती है। महिने पहले यात्रा की योजना बनाकर रिजर्वेशन कराने वाले यात्री रेलवे की इस मनमानी से परेशान है। छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली सैंकड़ों यात्री ट्रेनों को अनेकों बार महिनों तक के लिए रद्द किया गया है। इसका कारण मेन्टेनेंस बताया जाता है जबकि उन्हीं ट्रैकों पर यात्री ट्रेनों से 50 गुना अधिक क्षमता वाली मालवाहन ट्रेनें चलाई जाती है। कोरबा से कई यात्री ट्रेनों को बंद कर दिए जाने के कारण समस्याएं हो रही है जिन्हें पुन: प्रारंभ करना चाहिए।सांसद द्वारा ट्रेनों को बिना सूचना बार-बार रद्द किए जाने के संबंध में अवगत कराने पर केन्द्रीय रेल मंत्री ने आश्वस्त किया है कि भविष्य में ट्रेनों के रद्द करने पर 5 दिन पूर्व इस संबंध में सूचना आम लोगों को जारी किए जाने की व्यवस्था की जाएगी। यात्री सुविधाओं व ट्रेनों के मामले में भी रेल मंत्री ने उचित कार्यवाही का आश्वासन सांसद को दिया है।

# कोयला का उत्पादन आधा हुआ संयंत्रों को भी सपलाई में बांधा



कोरबा । कोरबा जिले में स्थापित छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की इकाई कोरबा-पश्चिम और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह को एसईसीएल के कोरबा में स्थित कोयला खदान से कोयले की आपूर्ति होती है। पिछले 15 दिन से कोरबा जिले में रुक-रुककर झमाझम बारिश हो रही है। इससे उत्पादन संकट गहरा गया है। बारिश से पूर्व जहां गेवरा में रोजाना लगभग डेढ़ लाख टन कोयला खदान से बाहर निकल रहा था। वह अब घटकर 50 हजार टन के आसपास हो गया है। यही हाल कुसमुंडा और दीपका खदानों का भी है। मानसून से पहले कोरबा जिले की खदानों से रोजाना रेल मार्ग के रास्ते औसतन 40 से 45 रैक (मालगाड़ी) कोयला प्रदेश के अलावा दूसरे राज्यों के बिजली घरों को भेजा जाता था। जब से बारिश शुरू हुई है तब से कोयला परिवहन लगातार गिर रहा है। बड़ी मुश्किल से 20 से 22 रैक ही कोयले की आपूर्ति बिजली घरों को हो रही है। पखवाड़े भर से कोरबा जिले में हो रही झमाझम बारिश का असर अब उद्योग धंधों पर भी पड़ने लगा है।दुनिया की दूसरी और चौथी कोयला खदान गेवरा और कुसमुंडा से उत्पादन आधा हो गया है। कोयला निकालने में दीपका खदान की में भी असर पड़ा है। इसका असर बिजली घरों पर भी दिखने लगा है। प्रदेश के अधिकांश बिजली घरों में कोयले का संकट खड़ा हो गया है। जानकारी के अनुसार सबसे खराब स्थिति छत्तीसगढ़ बिजली उत्पादन कंपनी के कोरबा-पश्चिम संयंत्र की है। संयंत्र में तीन से चार दिन के लिए कोयला बचा है। एनटीपीसी के साथ-साथ बालको संयंत्र में भी कोयले का स्टॉक संतोषजनक नहीं है। इसका खुलासा सीईए (सेंट्रल एनर्जी ऑथोरिटी) की ताजा रिपोर्ट में हुआ है। इसमें बताया गया है कि कोरबा जिले में स्थित हसदेव ताप विद्युत गृह में वर्तमान में 88 हजार टन कोयला उपलब्ध है। जबकि संयंत्र को 85 फीसदी लोड के साथ चलाने के लिए रोजाना 19 हजार 900 टन कोयले की जरूरत पड़ती है। इसके अनुसार संयंत्र में मात्र चार दिन के लिए उपलब्ध है। इस संयंत्र से 1340 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जाता है। कोयला भंडारण के मामले में बालको और एनटीपीसी कोरबा संयंत्र की स्थिति भी ठीक नहीं है। ईंधन की उपलब्धता के मामले में 2600 मेगावाट क्षमता वाले एनटीपीसी के जमनीपाली स्टेशन में वर्तमान में दो लाख 44 हजार टन कोयला उपलब्ध है। संयंत्र को रोजाना 36 हजार टन कोयले की जरूरत पड़ती है। इसके अनुसार इस संयंत्र में छह दिन के लिए कोयला उपलब्ध है। सेंट्रल एनर्जी अथॉरिटी के अनुसार एनटीपीसी के जमनीपाली स्टेशन और छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के कोरबा-पश्चिम संयंत्र में न्यूनतम 13 दिन के लिए कोयले का स्टॉक होना जरूरी है।

## बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट का खिताब मिला पल्लवी को



कोरबा । कोरबा अंचल के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित होटल ब्लू डायमंड में ममता ब्यूटी एकेडमी द्वारा वन-डे लुक एण्ड लर्न सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें फैशन शो, रन-वे, मेंहदी, पोस्टर, रंगोली, ब्राइडल मेकअप काम्पिटीशन के प्रतियोगी शामिल हुए। जिसमें बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट 2024 कोरबा का विनर पल्लवी सिंह राजवाड़े निवासी सोनपुरी को घोषित किया गया। आयोजन में 23 अगस्त को रिलीज़ होने वाली छत्तीसगढ़ी फिल्म जवानी जिंदाबाद के कलाकार कीर्ति जायसवाल, आकाश सोनी, ज्योत्सना तामकर, लक्षित जांजी, विवेक दीक्षित व मेकअप आर्टिस्ट मायरा सिंह, महक नैनवानी उपस्थित थे।

## श्री खाटू श्याम एवं जयपुर यात्रा का भव्य आयोजन 13 से 18 अगस्त

कोरबा । हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी श्याम की टोली (छ.ग) द्वारा भक्तों के लिए श्री खाटू श्याम एवं जयपुर यात्रा का भव्य आयोजन किया जा रहा हैं जो 13 से 18 अगस्त 2024 तक रहेगी, जिसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। इस वर्ष 55 श्याम प्रेमियों को यात्रा पर ले जाया जा रहा है।उक्त यात्रा में बिलासपुर से ले जाकर बिलासपुर तक वापस लाने की सारी व्यवस्था आयोजक समिति द्वारा की जा रही है जिसमें सहयोग के रूप में 9100/- लिया जा रहा हैं।बाबा का भव्य दरबार हमसफ़र एक्सप्रेस ट्रेन में सजाया जायेगा, जिसमें कोरबा के भजन प्रवाहक अमित अग्रवाल सहित सारे भक्त बाबा की सेवा करंगे। समिति के द्वारा आने जाने की सारी व्यवस्था एसी ट्रेन और एसी बस में की गयी है। समिति के द्वारा झुनझुनू-सालासर-हर्षनाथ-महालक्ष्मी-खाटू श्याम-बिरला मंदिर-हनुमान मंदिर सहित अनेक मंदिरों के दर्शन कराया जायेगा।

# राखड़ के दलदल में फंसी गाय को गौ सेवकों ने सुरक्षित निकाला,बचाई जान

**बाराद्वार।** समीपस्थ ग्राम रिस्दा में पेट्रोल पंप के सामने खेत में अवैध रूप से पाटे गए राखाड़ में एक गाय एक फंस गई बाराद्वार के गोसेवकों को जब इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने गाय को कड़ी मेहनत करके बाहर निकाला।

संयंत्रों से निकले राखड़ को कहीं भी डाल देने का खमियाजा बेजुबान मवेशियों को भुगतना पड़ रहा है। आए दिन गाय बैल भैंस इस दलदल में फंस रहे हैं।

गहरा दलदल होने के कारण मवेशियों को निकालने के दौरान लोग भी फंस जाते हैं। ऐसे में उन्हें बाहर निकालने काफी परिश्रम करना पड़ा। सुबह से दोपहर तक की मशक्कत के बाद रस्सी के सहारे गाय को सुरक्षित बाहर निकाला गया । लोगों ने इस कार्य के लिए गौ



सेवकों की प्रशंसा की।बाराद्वार के गौ सेवक हमेशा गोसेवा के लिए सक्रिय रहते हैं।

किसी भी सदस्य को गौ वंश के वाहन से दुर्घटनाग्रस्त होने, असहाय गो वंश को गौशाला भेजने सहित गौ वंश की तस्करी और उसे काट कर बेचने वालों पर कार्रवाई के लिए ये सभी युवा हमेशा तत्पर रहते हैं। गर्मी के समय नगर के विभिन्न स्थानों पर इनके द्वारा आपसी सहयोग से पानी टंकी रखकर पेयजल की व्यवस्था भी की जाती है।गाय को निकाले जाने के समय राजशेखर शर्मा, अंशुल अग्रवाल, हेमंत बरेठ,सोनू साहू,श्रेयांक तिवारी, मनीष यादव, विक्रांत राठौर, तुलेश्वर यादव सहित अन्य गौ सेवक उपस्थित थे।

**नियम विरुद्ध डाला गया राखड़**

विभिन्न संयंत्रों से निकले राखड़ को नियम विरुद्ध पाट दिया गया है। इसके लिए अनुमति आवश्यक है और राखड़ के ऊपर मिट्टी पाटना भी जरूरी है। मगर इस नियम का पालन नहीं किया जाता जिससे मवेशी आए दिन फंस रहे हैं।



## 10 लीटर अवैध शराब जप्त, एक पकड़ाया



**चांपा।** विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में जिले में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में थाना पामगढ़ पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया जिसमें मुखबिर सूचना पर दिनांक 07/08/2024 को रेड कार्यवाही कर आरोपी योगेन्द्र उर्फ जोगेंदर पिता मानस राम नारंगे उम्र 40 वर्ष साकीन भिलौनी थाना पामगढ़ जिला जांजगीर- चांपा के कब्जे से 02 नग जरीकेन में रखे कुल 10 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 1000/? रुपए को बरामद किया जाकर आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का घटित करना पाए जाने से विधिवत कार्यवाही कर थाना पामगढ़ में अपराध क्रमांक 303/24 धारा 34(2)आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 07.08.2024 को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है।

उपरोक्त कार्यवाही मे उपनिरी. मनोहर सिन्हा थाना प्रभारी पामगढ़, महिला प्रधानआर. बालमती यादव, आर. श्याम सरोज ओगरे, भुनेश्वर साहू, सूरज पाटले का योगदान रहा।

## अगस्त क्रांति दिवस मनाया कांग्रेस ने



**जांजगीर।** जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर चांपा के तत्वावधान में 9 अगस्त को कचहरी चौक स्थित शहीद स्मारक में आजादी के आंदोलन में शहीद हुए सभी महापुरुषों को याद करते हुए पुष्पांजली अर्पित की गई। उपस्थित सभा को संबोधित करते हुए विधायक जांजगीर चांपा व्यास कश्यप ने कहा कि आजादी के आंदोलन में 9 अगस्त, अगस्त क्रांति दिवस के रूप में एक विशेष तारीख है, जब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के आह्वान पर अंग्रेजों भारत छोड़ो और करो या मरो का नारा दिया गया था। जिला कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार ने कहा कि आजादी आंदोलन के शहीदों को आज के दिन याद करने एवम उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प हम सभी कांग्रेस जनों को लेना चाहिए ,पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि अगस्त क्रांति के लिए महात्मा गांधी जी के आह्वान पर देश भर के बुजुर्ग, युवा, महिलाऐं स्वाधीनता की प्राप्ति के लिए निकल पड़े थे। सभा को वरिष्ठ कांग्रेस नेता रघुराज प्रसाद पांडेय, नपाध्यक्ष भगवान दास गढ़ेवाल, रफीक सिद्दीकी, विवेक सिसोदिया, शिशिर द्विवेदी, सीमा शर्मा, प्रिंस शर्मा, देवेश सिंह, हरदेव टंडन, भोजराम टंडन, इब्राहिम मेमन, आकाश तिवारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में अजीत सिंह राणा, शत्रुहन दास महंत, सलीम सिद्दीकी, रामबिलास राठौर, मुस्कान परवीन, अनिल राठौर, विजय प्रकाश तिवारी, रेखा लदेर, चंपा प्रधान, अशोक सोनवानी, अतीक कुरैशी, संतोष बोबाई, रफीक खान, सुखराम गढ़ेवाल, मनोरमा पाटेकर, मितेश भोलू यादव, रविप्रकाश पांडेय, पवन कश्यप, अरमान खान, अमन तिवारी, शक्ति गढ़ेवाल, हेमलाल सूर्यवंशी, रमेंद्र चौहान, विक्रम चौहान, अशोक चौरसिया, शांति साहू सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## सरकारी कालेजों में प्रोफेसरों के रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाएगा

**जांजगीर।** सरकारी कॉलेजों में प्रोफेसरों की सीधी के लिए फिर वैकेंसी निकली है। इसके लिए पीएससी से आवेदन मंगाए गए हैं। वर्ष 2021 में भी इनकी भर्ती के लिए वैकेंसी निकली थी, लेकिन उम्र समेत अन्य विवाद की वजह से इस भर्ती को स्थगित कर दिया गया था। इस बार भर्ती नियम में बदलाव किया गया है। जिसके अनुसार अब 56 साल की आयु में भी प्रोफेसर बन सकेंगे। इसके साथ न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में भी संशोधन हुआ है। उच्च शिक्षा से संबद्ध 17 सरकारी कॉलेज हैं। यहां प्रोफेसर पद खाली हैं। छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के बाद पहली बार सितंबर 2021 में गवर्नमेंट कॉलेज में प्रोफेसरों की सीधी भर्ती निकाली गई। 6 सितंबर तक करें आवेदन प्रोफेसर भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया 8 अगस्त से शुरू हो चुकी है। 6 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं।

## नाग पंचमी पर दलहा पहाड़ में उमड़ी भीड़



**अकलतरा।** नाग पंचमी पर दलहा पहाड़ की चढ़ाई करने आए हजारों लोगों की भीड़ से शुक्रवार को शहर में ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई। नगर के अंबेडकर चौक से अग्रसेन नगर तक एक किलोमीटर तक जाम लग गया। करीब एक घंटे तक वाहन और पैदल यात्री रेंगते रहे। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए यातायात पुलिस की पहले से कोई तैयारी नहीं दिखी। जिसकी वजह से लोगों की फजीहत बढ़ गई। नगर के अंबेडकर चौक, आजाद चौक, शास्त्री चौक व अग्रसेन नगर में ट्रैफिक जवानों की ड्यूटी नहीं लगने से भीड़ पर काबू पाना असंभव हो गया।

जाम में फंसी एंबुलेंस, एक घंटे दर्द से कराहते रहे घायल बिलासपुर के मल्हार में निवासरत बाइक सवार दिलीप वर्मा और दिवाली केंवट का बरगवां शासकीय हाई स्कूल मुख्य मार्ग के पास सामने से आ रहे बाइक सवार से भिड़ंत हो गई। जिसमें यह दोनों युवक बुरी तरह से जख्मी हो गए। दोनों युवकों अस्पताल ला रही एंबुलेंस शास्त्री चौक के पास करीब एक घंटे तक फंसी रही। जाम खुलने के बाद एंबुलेंस चालक ने दोनों घायलों को करीब एक घंटे विलंब से सीएचसी पहुंचाया।

## सांप बनकर जमीन पर चले ग्रामीण

**जांजगीर-चांपा।** जिले में नागपंचमी पर ग्रामीण क्षेत्रों में नाग देवता की पूजा अर्चना धूमधाम से की गई। इस अवसर पर मांदर की थाप पर लोग सांप के रूप में प्रतीकात्मक रूप से धरती पर लेटकर जमीन पर रेंगने और लोटने लगे। दरअसल, नवागढ़ बलॉक के पीथामुर गांव के पुजारी विशेष मंत्रोच्चार के साथ नाग देवता को शांत कराते नजर आए। नागपंचमी का यह दिन ग्रामीण क्षेत्रों में एक विशिष्ट और महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

**हमारी संस्कृति और परंपरा का एक अभिन्न हिस्सा**

ग्रामीणों का कहना है यह परंपरा हमारे पूर्वजों ने शुरू की थी। हम इसे हर साल पूरे श्रद्धा के साथ निभाते हैं। यह दिन हमारे लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह नाग देवता की पूजा का दिन होता है। इस दिन को धूमधाम से मनाते हैं और नाग देवता की पूजा करके उनकी कृपा प्राप्त करते हैं। यह हमारी संस्कृति और परंपरा का एक अभिन्न हिस्सा है।

**पूजा -अर्चना से मिलती है नाग देवता की कृपा**



गांव के पुजारी बिहारी साहू ने बताया कि नाग पंचमी के पावन अवसर पर हम विशेष मंत्रोच्चार के साथ नाग देवता की पूजा करते हैं। यह दिन हमारे गांव में शांति और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पूरे हर्षोल्लास के साथ हिस्सा लिया। नाग देवता की कृपा प्राप्त करने के लिए पूजा अर्चना की।

## तुलसी जयंती एवं सम्मान समारोह कल

**चांपा।** निराला साहित्य मंडल एवं निराला साहित्य महिला मंडल के



संयुक्त तत्वावधान में 11 अगस्त को शाम 4 बजे कोरबा रोड सिवनी चौक चांपा में महाकवि तुलसीदास की जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। तुलसी जयंती एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व अध्यक्ष, राजभाषा आयोग छत्तीसगढ़ एवं कुलपति, थावे विद्यापीठ गोपालगंज बिहार डॉ. विनय पाठक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक जांजगीर चांपा व्यास नारायण कश्यप, विधायक पामगढ़ शेषराज हरवंश, विधायक अकलतरा राघवेन्द्र सिंह, विधायक जैजैपुर बालेश्वर साहू, पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा विवेक शुक्ला, तुलसी साहित्य अकादमी र छग बिलासपुर के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. राघवेन्द्र दुबे, धर्मभूषण, कवि, गीतकार, साहित्यकार डॉ. श्रीधर गौरहा एवं मुख्य संरक्षक निराला साहित्य मंडल चांपा पंडित हरिहर प्रसाद तिवारी विशेष रूप से मंचस्थ होंगे। समारोह के दौरान विद्या और वाचस्पति डॉक्टरेट उपाधि प्राप्त करने वाले द्विवेदी दंपति, डॉ. कुमुदिनी द्विवेदी एवं डॉ. रविन्द्र द्विवेदी को भी सम्मानित किया जाएगा।

## डायबिटीज के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर डॉ. सिंह को मिला सर्टिफिकेट



**बाराद्वार।** मद्रास डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन और डॉ. मोहंस डायबिटीज एकेडमी चेन्नई ने डॉ. मोहंस डायबिटीज सेंटर चेन्नई में दो दिवसीय व्यापक मधुमेह उपचार एवं प्रबंधन के सर्टिफिकेट कोर्स का आयोजन किया।

इसमें नगर के डॉ. राघवेन्द्र सिंह ने विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया। मैनेजमेंट ने उन्हें डायबिटीज के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए विशिष्ट सर्टिफिकेट कोर्स सीसीसीडीएम का प्रमाण पत्र दिया। डायबिटीज के क्षेत्र में चिकित्सकों के लिए ऑल इण्डिया लेवल का 'सर्फिकेट कोर्स इन कॉम्प्रहेंसिव डायबिटीज मैनेजमेंट' का विशेष प्रशिक्षण प्रोग्राम चेन्नई में हुआ। इसमें प्रदेश से डॉ. राघवेन्द्र सिंह बाराद्वार से शामिल हुए। इस कोर्स में डायबिटीज रोग उपचार संबंधी नवीनतम तकनीक, अनुसंधान व दवा के साथ इलाज की नई विधियां बताई गई। कोर्स पूरा होने पर डायबेटोलॉजिस्ट डॉ. वी. मोहन ने डॉ राघवेन्द्र सिंह को एक प्रमाण पत्र दिया व उन्होंने एक किताब 'मेकिंग एक्सलेंस ए हेबिट' भी भेंट की। इस कार्यक्रम में मद्रास डायबिटीस रिसर्च फाउंडेशन के पदाधिकारी, डॉ. रंजीत उन्नीकृष्णन, डॉ. आरएम अंजना सहित देशभर के डॉक्टर्स मौजूद थे।

## जन समस्या निवारण शिविर में 85 आवेदनों का मौके पर हुआ निराकरण




**बाराद्वार।** नगरीय निकाय क्षेत्र में लोगों को अपनी समस्या के निवारण के लिए जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत बाराद्वार नगर पंचायत में 27 जुलाई से 8 अगस्त तक अलग-अलग वार्डों के लिए विभिन्न स्थानों में शिविर लगाया गया।

इसमें 248 आवेदन प्राप्त हुए। सीएमओ लक्ष्मण देहारी ने बताया कि नगर पंचायत बाराद्वार अंतर्गत सभी 15 वार्डों के लोगों के लिए अलग-अलग दिवस वि?भिन्न स्थानों में शिविर लगाया था। इसमें डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, संपत्तिकर, नामांतरण, भवन निर्माण अनुमति, नियमितीकरण, स्वास्थ्य, आयुष्मान कार्ड संबंधी एक भी आवेदन नहीं मिले है और पेयजल, लाइट, सड़क, नाली मरम्मत, निर्माण कार्य, आवास, पट्टा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, राजस्व प्रकरण व अन्य प्रकरण सहित 248 आवेदन प्राप्त हुए थे। इस दौरान 85 आवेदनों का निराकरण शिविर स्थल पर ही कर दिया और बाकी बचे 163 आवेदन संबंधित विभाग को जल्द निराकरण के लिए भेज दिया गया है।

शिविर में आवेदन करने के लिए आज अंतिम तिथि 27 जुलाई से 8 अगस्त तक लगाए गए शिविर में 1 से 15 वार्ड के कोई भी हितग्राही यदि अपना आवेदन जमा नहीं कर पाए हो तो उनके लिए स्थानीय नगर पंचायत कार्यालय में 9 व 10 अगस्त को भी जनसमस्या निवारण हेतू शिविर लगाया जाएगा। जिसमें नगर पंचायत बाराद्वार अंतर्गत किसी भी वार्ड के लोग अपना आवेदन दे सकते हैं।



## जमीन रजिस्ट्री करा पैसे नहीं दिए, गिरफ्तार

**चांपा।** चांपा थाने में पार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराई की नगर के योगेश देवांगन ने 3 लाख का चेक दिखाकर जमीन रजिस्ट्रेशन करा ली लेकिन भुगतान नहीं कर रहा है। मामले में प्राथी की शिकायत पर भोजपुर चांपा निवासी आरोपी योगेश देवांगन को चांपा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बतायाा क जगदल्ला निवासी जवाहर सोंनत ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि जगदल्ला चांपा में उसका खसरा नंबर 397/3 रकबा 0.079 भूमि स्थित है। जिसे 30 अप्रैल को योगेश कुमार देवांगन ने 3 लाख रुपए में सौदाा किया। जमीन को अपने नाम पर रजिस्ट्री कराकर भुगतान नहींा कया। आरोपी योगेश कुमार देवांगन ने अन्य व्यक्ति का नाम लेकर न्यायालय में लंबित चेक बाउंस के प्रकरण को वापस लेने की बात कहते हुए धोखाधड़ी से विक्रयनामा पंजीयन कराया है। रकम नहीं देने पर धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी योगेश देवांगन को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा दिया है। आरोपी योगेश।

## जांजगीर में वायरस की दस्तक

**जांजगीर चांपा ।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर स्वाइन फ्लू (एच1, एन1)ने दस्तक दी है। इस वायरस की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत हो गई है। स्वाइन फ्लू होने की पुष्टि के बाद दोनों का अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर में इलाज चल रहा था। इन्हें एनआईवी (नॉन-इनवेसिव वेंटिलेशन) सपोर्ट पर रखा गया था। मृतकों के परिजन को क्वारेंटाइन किया गया है।जांजगीर चांपा के लच्छनपुर निवासी महिला की तबीयत बिगड़ने पर अपोलो अस्पताल में भर्ती किया गया था। जांच में वह स्वाइन फ्लू से संक्रमित मिली। इलाज के दौरान ही वह बिलासपुर के दूसरे अस्पताल में शिफ्ट हो गई, जहां उसकी शुक्रवार को मौत हो गई। इसके बाद परिजन को क्वारेंटाइन कर दिया गया है। स्वाइन फ्लू की दस्तक से स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पाण्डवपारा में घर-घर सर्वे शुरू कर दिया है।

## डीएवी स्कूल में बच्चों को दिया गया कॅरियर काउंसलिंग पर जानकारी



**अकलतरा।** नगर के लायंस डीएवी पब्लिक स्कूल में उच्च शिक्षा और कॅरियर मार्गदर्शन के लिए कॅरियर काउंसलिंग शिविर का आयोजन हुआ। आउटरीच, एलायंस यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु के क्षेत्रीय प्रबंधक भावना गोखले ने छात्र-छात्राओं को 12 वीं के बाद कॅरियर का चुनाव करने के साथ विषय का चयन और एडमिशन की बारीकियों से रूबरू कराया।सिम्बायोसिस एसएसपीयू यूनिवर्सिटी पुणे के बिजनेस हेड सचिन रामपुरे ने छात्र-छात्राओं को अपने विषय व्यक्तिगत विकास, नेटवर्किंग और व्यवसायिक पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। डॉ. कलिंगा यूनिवर्सिटी, रायपुर के जूलॉजी विभाग के प्रमुख मनोज सिंह और पिंपरी चिंचवड़ यूनिवर्सिटी, पुणे के मार्केटिंग मैनेजर कमल गोयल ने भी संबोधित किया। पिंपरी चिंचवड़ यूनिवर्सिटी, कलिंगा यूनिवर्सिटी, मिट वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी, मानव रचना यूनिवर्सिटी, मोदी यूनिवर्सिटी, पारुल यूनिवर्सिटी और मिट एड यूनिवर्सिटी ने विद्यालय परिसर में स्टॉल लगाकर पाठ्यक्रमों के संबंध में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। विद्यालय के प्राचार्य सुनील श्रीवास्तव के साथ ही दूसरे लोग मौजूद रहे।

## प्राथमिक शाला नेगुरडीह का बुरा हाल, स्कूल में शैक्षणिक व्यवस्था चरमराई

**रिगनी / खरौद।** शासकीय नवीन प्राथमिक शाला नेगुरडीह का हाल बेहाल हो गया है। स्कूल के छत से पानी टपक रहा है। हालत ऐसे हैं कि स्कूल के छतों से बरसात के पानी के टपकने की वजह से एक तरफ मध्यान्ह भोजन प्रभावित हो रहा है तो दूसरी ओर छात्र-छात्राओं की कक्षाएं भी ठीक से नहीं चल पा रही हैं। दूसरी ओर, स्कूल परिसर और उससे बाहर जल निकासी नहीं होने से घुटने भर पानी का संकट खड़ा हो गया है। इससे स्कूल आने और जाने वाले छात्र-छात्राओं की परेशानी बढ़ गई है।

## श्रीराम चौक में कियाहनुमान चालीसा पाठ

**जांजगीर।** अकलतरा नगर की पुरानी बस्ती वार्ड नंबर 10 और 11 स्थित श्रीराम चौक का चौथा स्थापना दिवस श्रीराम सेवा समिति की ओर से शुक्रवार को मनाया गया। ध्वजारोहण के साथ सामूहिक हनुमान चालीसा और सुंदरकांड पाठ हुआ। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष



बिहारीलाल ताम्रकार ने कहा कि 500 वर्षों के विवाद और राम भक्तों के प्राणों की आहुति के बाद अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हुआ। नगर में चार वर्षों पूर्व श्रीराम चौक का भी निर्माण किया गया था। श्रीराम सेवा समिति प्रति वर्ष स्थापना दिवस धूमधाम से मनाता रहा है।

ओम प्रकाश साहू ने कहा कि श्रीराम सेवा समिति श्रीराम चौक पर प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालीसा पाठ आयोजित करती है। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रजनी साहू ने कहा कि लाखों ऋषि मुनियों, भगवान श्रीराम के भक्तों के प्राणों की आहुति और कानूनी दांव पेंच के बाद संवैधानिक तरीके से अयोध्या में राम मंदिर का भूमिपूजन हुआ था। कार्यक्रम को नरेंद्र साहू, पार्षद विवेक सिह बैस, छोटू कश्यप एवं ईश्वर साहू ने भी संबोधित किया। मुकेश आर्ट और साथियों ने संगीत की धुन पर सुंदरकांड का पाठ किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर श्रीराम सेवा समिति के समस्त सदस्य और नगर के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# आदिवासी दिवस पर निकाली रैली एवं शोभायात्रा

**जांजगीर-पंतोरा।** आदिवासी समाज के लोगों ने शुक्रवार को कचहरी चौक से सामाजिक शोभा यात्रा निकाली। इसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। यह यात्रा कचहरी चौक से शुरू होकर डीईओ कार्यालय होते बीटीआई चौक पहुंची।

यहां समाज के लोगों ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया। पारंपरिक बाजे पर समाज के लोग भी जमकर झूमे। दोपहर 12 बजे शोभा यात्रा कचहरी चौक से शुरू हुई। सिर पर पीला साफा बांधे व सफेद वस्त्र पहनकर समाज के लोग इसमें बड़ी संख्या में शामिल हुए। पारंपरिक ड्रेस में समाज के लोग बिरसा मुंडा के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। शोभायात्रा में



पारंपरिक नृत्य करती महिलाएं आगे बढ़ीं। बीच-बीच में जयकारे लगते रहे। कचहरी चौक पर कुछ देर शोभायात्रा रूकी। यहां समाज के लोगों ने जमकर डांस किया। महिलाएं भी बांस के डंडे पर चढ़कर नृत्य करती नजर आईं। इसके बाद शोभा यात्रा यहां से कचहरी चौक के लिए लौट गई।

पंतोरा- ग्राम मूड़ाभाठा पंतोरा में शुक्रवार को आदिवासी दिवस मनाया गया। इसमें सभी आदिवासी पूजा-अर्चना के बाद गाजे-बाजे के साथ मुंडाभाठा पंतोरा में जोरदार रैली निकाली और धूमधाम से आदिवासी दिवस मनाया। इस आयोजन को लेकर समाज के महिला और पुरुषों में खासा उत्साह देखा गया।

## अनमोल वचन......

अभी तो तोली है मुट्ठी भर ज़मीन
अभी तो तोलना आसमान बाक़ी है।

# आम जन को न्याय पाने में ज्यादा हलकान होना पड़ता है

भारत के प्रधानमंत्री जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने दोटूक कहा है कि लोग अदालतों से इतने तंग' आ गए हैं कि वे बस समझौता चाहते हैं। वे कहते हैं कि बस, अदालत से दूर करा दीजिए। जस्टिस चंद्रचूड़ विशेष लोक अदालत सप्ताह के दौरान शनिवार को एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। वैकल्पिक विवाद निवारण तंत्र के रूप में लोक अदालतों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि लोगों में इस प्रकार की भावना उभरना बतौर जज हम लोगों के लिए गहन चिंता का विषय है। बेशक, लोगों का अदालती मामलों से त्रस्त होकर छुटकारा पाने उत्कट इच्छा न्याय व्यवस्था के लिए कोई अच्छी बात नहीं है। इससे संदेश यह निकलता है कि व्यवस्था लोगों की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर पा रही है। और इसलिए उन्हें मजबूरी में मामलों में समझौता करने की राह चुनना बेहतर लगता है। समझौता कोई न्याय नहीं है, बल्कि मजबूरी में किया गया उपाय है, जो समाज में पहले से मौजूद असमानताओं को ही दर्शाता है। जैसा कि प्रधान न्यायाधीश ने भी इंगित किया है कि यह स्थिति अपने आप में सजा है। लोक अदालत की अवधारणा इस स्थिति से निजात दिलाती हैं जहां आपसी समझौते और सहमति से मामलों को सुलटाया जाता है और कोई भी अपने आप को मजबूर या न्याय से वंचित हुआ नहीं पाता। लोक अदालत से मामले का निस्तारण होने पर फैसले के खिलाफ अपील नहीं की जा सकती। सबसे अच्छी बात यह है कि फैसला परस्पर सहमति के आधार पर किया जाता है। कहना न होगा कि तमाम मामले ऐसे होते हैं, जिन्हें आपसी सहमति से सुलझाया सकता है। सबसे बड़ा तो यह कि लोक अदालत के माध्यम से न्याय दिया जाना अदालतों पर मुकदमों के भार को कम करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण उपक्रम है। यहां फैसला किसी भी रूप में थोपा हुआ करार नहीं दिया जा सकता। इसलिए जरूरी है कि लोक अदालत की अवधारणा को संस्था के रूप मजबूत किया जाए। न्याय की पहुंच आम नागरिकों तक सुनिश्चित करने की बात हमारे संविधान में निहित है, लेकिन नौबत यह है कि आम जन न्याय पाने की बजाय हलकान ज्यादा हो जाता है। यह स्थिति लोकतांत्रिक समाज में स्वीकार्य नहीं हो सकती। जिस समाज में आम जन को न्याय पाने में हलकान होना पड़ जाए उसे किसी भी सूरत में अभीष्ट या आदर्श समाज नहीं कहा जा सकता। लोक अदालत सार्थक हैं क्योंकि इनका उद्देश्य ही लोगों के घरों तक न्याय पहुंचाना है।

## राशिफल

मेष राशि-आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आज आपको व्यापार में अच्छा मुनाफा मिलने से आपकी प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहेगा और जीवन साथी के साथ आप डिनर डेट पर जा सकते हैं। आज आप शिक्षा में आ रही समस्याओं के लिए अपने गुरुजन से बातचीत करेंगे। आज किसी उलझे हुए मामले को सुलझाने के लिए बहुत अधिक धैर्य की जरूरत है। आपके व्यापार में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

वृष राशि-आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप मन में चल रही है बातों को किसी के सामने उजागर नहीं होने देंगे, नहीं तो लोग इसका फायदा उठा सकते हैं। आज किसी भी स्थिति में घबराने के बजाय उनका समाधान ढूंढने की कोशिश करेंगे तो आपको शोल्युशन मिल जायेगा। आज परिवार में चल रही अनबन से आपको छुटकारा मिल जायेगा।

मिथुन राशि-आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको किसी नए काम में हाथ आजमाने का मौका मिलेगा। परिवार के लोग आज आपसे कुछखास चीजों की डिमांड कर सकते हैं। आज जीवनसाथी को आप डिनर डेट पर लेकर जा सकते हैं। आज आप किसी ऐसे व्यक्ति से मिलेंगे जो आपको जीवन के कुछ नए सबक सिखायेगा। आज किसी कार्य में आपके प्रयत्न सफल रहेंगे, मन प्रसन्न रहेगा।

कर्क राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस करना होगा। आप अपने से ज्यादा औरों के कामों पर ध्यान लगाएंगे तो आपको समस्या होगी लेकिन आप समय रहते इस को संभाल लेंगे। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में यदि गिरावट चल रही थी, तो वह भी आज दूर होगी।

सिंह राशि-आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आप माता की पसंद की कोई चीज गिफ्ट करेंगे आपके माता जी को भी खुशी होगी। आपको किसी संपत्ति की खरीदारी करते समय उसके जरूरी कागजातो पर ध्यान अवश्य देना होगा। परिवार में किसी विशेष कार्य को लेकर आपसी वार्तालाप होगा। आपके निर्णय को विशेष प्राथमिकता मिलेगी। आज कार्यक्षेत्र में आपसे कोई गलती होने के कारण अधिकारियों से आपको डांट खानी पड़ सकती है।

कन्या राशि-आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आपके बिजनेस की गति धीमी रहने के कारण आप परेशान रहेंगे। माता-पिता से आप मन में चल रही कुछ बातों को लेकर बातचीत कर सकते हैं। छोटे बच्चों के लिए आप कोई उपहार लेकर आ सकते हैं। आप अपने गुरु से करियर के बारे में परामर्श ले सकते हैं। आज कार्यस्थल के कामों में उलझनें आएंगी, लेकिन समस्याओं से निजात पाने का रास्ता भी ढूंढ लेंगे।

तुला राशि-आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपने कामों को बहुत सावधानी और कुशलता से करेंगे। संतान की ओर से कोई चिंता दूर होगी। आज की गई मेहनत के निकट भविष्य में बेहतरीन परिणाम मिलने वाले हैं। आपका कोई काम समय से पूरा ना होने के कारण आपको थोड़ी समस्या होगी। राजनीतिक कामों में हाथ आजमा रहे लोगों को आज किसी बड़े पद की प्राप्ति हो सकती है।

वृश्चिक राशि-आज का दिन आपके लिए ख़ास रहने वाला है। आज किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहने वाला है। किसी कानूनी मामले में भी आज आपको जीत मिलने के योग बन रहे है, लेकिन इसके बावजूद आप परिवार में किसी सदस्य से किसी बात को लेकर नाराज रहेंगे। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर फोकस बनाए रखना होगा। संतान से आपको किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है लेकिन जल्द ही सब ठीक होगा।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। संतान की नौकरी से संबंधित किसी समस्या को लेकर आप भागदौड़ में लगे रहेंगे। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको गिले-शिकवे दूर करने का मौका मिलेगा। कार्य क्षेत्र में आज आपको मनपसंद काम मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे। आज दिखावे की प्रवृत्ति की वजह से बेवजह कामों में खर्च हो सकता है, अपने बजट को नजरअंदाज ना करें, वरना मुश्किल में पड़ जाएंगे।

मकर राशि-आज आपके दिन की शुरुआत थोड़ा कमजोर रहेगी, लेकिन बाद में अच्छा लाभ मिलने से उनकी प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहेगा। आपका किसी नए वाहन को खरीदने का सपना आज पूरा होगा। आपको अपनी छवि और अधिक बेहतर बनाने का मौका भी मिलेगा। किसी समस्या का समाधान मिलने में किसी प्रिय मित्र का विशेष सहयोग रहेगा। आप आज किसी से अपने मन की बातों को शेयर करोगे और वह आपकी बातों की अहमियत देगा।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज का दिन तरक्की के नए नये मार्ग खोलेगा। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस बनाए रखें, जल्द ही आपको परीक्षा में सफलता हासिल होगी। आज कोई लक्ष्य हासिल करने में किसी अनुभवी व्यक्ति का भी सहयोग मिलेगा। आप अपने ईगो और गुस्से पर कंट्रोल रखेंगे, आज बेवजह के खर्च से बच जायेंगे।

मीन राशि-आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आज आप व्यापार के मामले में किसी पर आंख मूंदकर भरोसा ना करें, नहीं तो वह आपके भरोसे को तोड़ सकता है। किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है। आज आपकी मेहनत और सूझबूझ से आपकी उम्मीदें तथा आशाएं पूरी होगी। मनपसंद कामों में दिलचस्पी रहेगी। आनंद महसूस होगा।

# हसीना का हटना भारत विरोधी ताकतों में मजबूती

//डॉ. ब्रह्मदीप अलूने//

**बांग्लादेश में राजनीति बंद, विरोध, गरीबी और आतंकवाद से बाहर निकल कर विकास के मुद्दे पर आगे बढ़ रही थी, लेकिन शेख हसीना के सत्ता से हटते ही अब वह सफर थम जाने का अंदेशा है। बांग्लादेश की राजनीति में दूसरा बड़ा चेहरा खालिदा जिया हैं। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की यह नेता अब ताकतवर होंगी। खालिदा को जहां कट्टरपंथी ताकतों का समर्थक माना जाता है वहीं हसीना उदार और भारत समर्थक मानी जाती हैं। बांग्लादेश की राजनीति के केंद्र में भारत समर्थन और भारत विरोध की शक्तियां समानांतर कार्य करती हैं। इस साल बांग्लादेश में आम चुनाव से पहले प्रधानमंत्री हसीना ने सत्तारूढ़ अवामी लीग पार्टी का घोषणापत्र जारी करते हुए कहा था कि अगर उनकी पार्टी चुनाव जीतती है तो भारत के साथ सहयोग जारी रहेगा।**

यह भी स्पष्ट भी किया गया था कि भारत के साथ भूमि सीमाओं के सीमांकन और परिक्षेत्रों के आदान-प्रदान की लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान हो गया है। हसीना के कार्यकाल में बांग्लादेश ने अपने क्षेत्र में उग्रवादियों, अंतरराष्ट्रीय आतंकवादियों और अलगाववादी समूहों की उपस्थिति को रोकने के लिए दृढ़ता दिखाई और इससे भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में शांति की स्थापना में बड़ी मदद मिली।

खालिदा की राजनीति भारत के हितों पर चोट करने वाली और पाकिस्तान के ज्यादा करीब नजर आती है। करीब डेढ़ दशक पहले बीएनपी सरकार के दौरान इस्लामिक कट्टरपंथियों को बड़ी मदद मिली। बीएनपी की जमात और इस्लामिक कट्टरपंथियों से पुरानी करीबी है। खालिदा की सहयोगी पार्टी जमात-ए-इस्लामी को देश की सबसे बड़ी इस्लामी राजनीतिक पार्टी माना जाता है। जेआईबी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के गठबंधन का सदस्य रह चुकी है।

1971 में स्वतंत्रता युद्ध में इस दल ने पाकिस्तान का समर्थन किया था। बाद में यह बांग्लादेश के इस्लामीकरण के प्रयास में जुटकर एक सक्रिय दल के रूप में उभरा। जमात-ए-इस्लामी वही संगठन है, जिसने तालिबान द्वारा अफगानिस्तान पर कब्जा किए जाने के बाद बांग्लादेश बनेगा अफगानिस्तान जैसे नारे गढ़े हैं। यह इस्लाम के कट्टर और रूढ़िवादी रूप को बांग्लादेश में लाना चाहता है। जमात-ए-इस्लामी का सहयोगी संगठन है हुजी। हरकत-उल-जिहाद-अल इस्लामी बांग्लादेश नामक यह आतंकी संगठन कथित तौर पर ओसामा बिन लादेन को अपना आदर्श मानता रहा है। इस संगठन की मांग है कि बांग्लादेश को इस्लामिक स्टेट में बदल दिया जाए। हुजी-बी का लक्ष्य बांग्लादेश में युद्ध छेड़कर और प्रगतिशील बुद्धिजीवियों की हत्या करके इस्लामी हुकूमत स्थापित करना है। दो दशक पहले भारत के गृह मंत्रालय ने एक दस्तावेज तैयार किया था, जिसका शीषर्क था-पाकिस्तान के वैकल्पिक परोक्ष युद्ध का आधार। इसमें पाकिस्तान द्वारा अपनी विध्वंसात्मक गतिविधियों को तेज करने के लिए चलाए गए नये ऑपरेशन के बारे में उल्लेख था। इस दस्तावेज में खास तौर पर बताया गया था कि पाकिस्तान अपने भारत विरोधी अभियानों के लिए बांग्लादेश को एक नये आधार के रूप में विकसित कर रहा है।

इस बात का भी खुलासा था कि पाकिस्तान ने लगभग 200 आतंकवादी प्रशिक्षण कैंपों को पहले ही अपने यहां से हटाकर बांग्लादेश में व्यवस्थित करवा चुका है। भारत और बांग्लादेश के बीच गहरे सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और भू-राजनीतिक संबंधों के कारण हूजी को जटिल चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। हूजी कार्यकर्ता कथित तौर पर भारत के पूर्वी गलियारे में अक्सर घुसपैठ करते हैं ताकि क्षेत्र के आतंकवादी और विध्वंसक संगठनों के साथ संपर्क बनाए रख सकें। हूजी को भारत में कई स्थानों पर आतंकवादी हमलों के लिए जिम्मेदार पाया गया है। यह अलकायदा तथा तालिबान मिलिशिया से मजबूत संबंधों के बूते दक्षिण एशिया के कई देशों में कट्टरपंथी ताकतों को बढ़ावा दे रहा है। पूर्व सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में मुजाहिदीन के साथ लड़ने के लिए बड़ी संख्या में मुजाहिदीन अफगानिस्तान गए थे।

1990 के दशक में बेगम खालिदा जिया के राजनीतिक दल बीएनपी शासन के दौरान इनमें से बड़ी संख्या में मुजाहिदीन बांग्लादेश लौट आए और अब देश में कट्टरपंथी आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं। हूजी के असम से भी संबंध हैं। हूजी कथित तौर पर बांग्लादेश में चटगांव पहाड़ी इलाकों में स्थित उल्फा के कुछ शिविरों का प्रबंधन करता है, जो भारतीय राज्य त्रिपुरा की सीमा पर स्थित हैं। बांग्लादेश में हुजी को बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और जमात-ए-इस्लामी जैसी मुख्यधारा की राजनीतिक पार्टियों का संरक्षण प्राप्त है। हरकत-उल-जिहाद-अल-इस्लामी बांग्लादेश अर्थात हूजी देवबंदी समूह है, जो पाकिस्तान स्थित हूजी से संबद्ध है और इसका गठन 17 बांग्लादेशी मुजाहिदीन द्वारा किया गया था। इनका संबंध पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से है। करीब चार हजार किमी. लंबी भारत- बांग्लादेश सीमा भौगोलिक और सांस्कृतिक जटिलताओं के कारण भारत के लिए सबसे बड़ा सुरक्षा संकट रही है। इसका फायदा आईएसआई खूब उठाती है और कई इलाकों में भारत के विरु द्ध विद्रोही संगठनों को आश्रय देकर और प्रशिक्षित करके भारत पर हमले करने के लिए प्रेरित करती है। आईएसआई बांग्लादेश के आतंकी संगठन हूजी से मिलकर असम, मिजोरम, मेघालय और मणिपुर को इस्लामिक कट्टरतावाद से जोड़ने के लगातार प्रयास करती रही है। जब से अवामी लीग की सरकार आई वह चरमपंथी संगठनों को दबाने की कोशिश कर रही थी और इसमें कुछ कामयाबी भी मिली थी।आम तौर पर बांग्लादेश में हिन्दुओं को अवामी लीग गठबंधन का समर्थक बताया जाता है, और इसी कारण अल्पसंख्यक हिन्दू बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और जमात-ए-इस्लामी के निशाने पर होते हैं। बांग्लादेश में इस साल हुए आम चुनाव में अवामी लीग की जीत के बाद वहां जिस तरह से विपक्ष द्वारा इंडिया आउट अभियान शुरू किया गया और उसे व्यापक समर्थन मिल रहा था, उससे देखते हुए कहा जा सकता है कि शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद बांग्लादेश में भारत विरोधी ताकतें मजबूत होंगी। ये स्थितियां भारत के लिए आंतरिक और सीमाई सुरक्षा का संकट बढ़ा सकती हैं, और इससे सतर्क रहने की जरूरत है।

# देश पहले राजनैतिक पार्टी बाद

//अजय दीक्षित //

**पिछले दिनों देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी ने नारा दिया है कि अब चुनाव हो चुके हैं । जनता ने अपना अभिमत दे दिया है । अब अगले पांच साल सभी मिलकर देश की सोचें। अब यह सिद्धांत सभी दृष्टियों से श्रेष्ठतम है । परन्तु इस नीति पर अमल करने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी सत्ताधारी पार्टी की होती है। पिछले दिन आयोजित नीति आयोग की बैठक का पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी ने बहिष्कार किया, यह कहकर कि वे जब बोल रही थीं तो उनका माइक बंद कर दिया गया। इसके जवाब में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि ममता बैनर्जी के अनुरोध पर उन्हें लंच से पहले बोलने का मौका दिया गया। उन्हें पांच मिनट का समय दिया गया था । ममता बैनर्जी का कहना है कि भाजपा के मुख्यमंत्री 20 मिनट से भी ज्यादा बोले ।**

अब प्रश्न उठना है कि निर्मला सीतारमण स्वयं एक पार्टिसिपेंट थीं, वे नीति आयोग की अधिकारी नहीं हैं । तो ममता बैनर्जी का जवाब नीति आयोग के अधिकारी को ही देना चाहिए था । पर जब सत्ताधारी पार्टी अपने को स्वयं-भू समझने लगे तो यही होता है । निर्मला सीतारमण वित्तमंत्री की हैसियत से वहां थीं । आयोग की यह बैठक मुख्यमंत्रियों से मंत्राणा के लिए थी । आयोगके अध्यक्ष प्रधानमंत्री होते हैं, परन्तु इस मीटिंग में और भी अनेक केन्द्रीय मंत्री मौजूद थे । अब यदि उनके मंत्रालय पर बुलाया गया था तो नेता विपक्ष को भी बुलाया जा सकता है । नवजीवन प्रेस ने कांग्रेस के बारे में गांधीजी के विचारों पर एक पुस्तिका छापी है । एक वक्तव्य में गांधी जी पूछते हैं कि कांग्रेस अध्यक्ष तो तीसरे दर्जे में सफर करते हैं, खद्दर पहनते हैं, परन्तु कांग्रेसी मंत्री प्रथम श्रेणी में सफर करते हैं और विलायती वस्त्र पहनते हैं । गांधी जी के अनुसार पार्टी का अध्यक्ष प्रधानमंत्री से बड़ा होता है । अब भाजपा के 3-4 पूर्व अध्यक्ष मोदी जी की कैबिनेट में मंत्री हैं । स्वयं मीटिंगों में नड्डा जी पुष्प गुच्छ देकर मोदी जी का स्वागत करते हैं । वे उन पुष्प गुच्छ को पीछे खड़े अपने सुरक्षा कर्मी को दे देते हैं जो गुच्छा अंततः कूड़ेदान में जाता है । विदेशों में लोग सामान्य भेंट पर भी पुष्प गुच्छ देते हैं । भारत यदि यहां पुष्प गुच्छ देने की प्रथा को बंद करके इन फूलों को निर्यात करे तो फूलों की उपयोगिता भी बनी रहेगी और फॉरेन एक्सचेंज भी मिल जायेगा । देश बड़ा के सन्दर्भ में अनेक विद्वान कहते हैं कि प्रोटर्म स्पीकर बनाते समय सामान्य नियम का पालन नहीं किया गया ।

एक कांग्रेसी लोकसभा के सांसद आठवीं बार चुनकर आये थे । परन्तु भाजपा सरकार ने सात बार के एक भाजपा सांसद को प्रोटर्म स्पीकर बनाया । अब प्रोटर्म स्पीकर को कोई अधिकार नहीं है । वह केवल सदस्यों को शपथ दिलाता है । तो नियम की अवहेलना से सत्ताधारी पार्टी को क्या मिला। देश बड़ा या पार्टी। बहुत से चिंतक आज देश में पार्टी स्तर पर हो रहे विभाजन को लेकर चिंतित हैं । दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर गौरव बल्लभ पहले कांग्रेसी थे । अब उन्होंने भाजपा ज्वाइन कर ली । पिछले दिनों प्रधनमंत्री ने देश के चोटी के अर्थशास्त्रियों से मंत्रणा की थी । उसमें गौरव बल्लभ भी उपस्थित थे । यदि वे चोटी के अर्थशास्त्री हैं तो फिर जब वे कांग्रेस में थे, तब क्यों नहीं उन्हें मंत्रणा के लिए बुलाया जाता था। देश में चोटी के अर्थशास्त्री हजारों में नहीं तो सैकड़ों में तो होंगे ही । अच्छा हो पार्टी लाइन से हटकर उन्हें बुलाने की प्रथा शुरू की जाये। यह तो सिद्धांत अच्छा है कि अब चुने हुए सांसद देश की सोचें । अपनी पार्टी की नहीं । परन्तु इसमें सबसे ज्यादा पहल सत्ताधारी पार्टी को करनी होगी । मोदी जी व्यक्तिगत राग द्वेष से परे हैं । उम्मीद है कि उनकी संरक्षता में अब 2047 के बारे में सोचा जायेगा, जब देश स्वतंत्रता का सौ वॉ दिवस मनायेगा ।

# चारधाम बरसात में सुरक्षित नहीं

//सुरेश भाई//

**इस बार जितनी देर से बारिश शुरू हुई है। उतनी ही जल्दी आपदा आ गई है। जुलाई के अंतिम सप्ताह से चारधाम की सड़कें ध्वस्त होने लगी है। आवागमन के पैदल रास्ते भी नदी में समा रहे हैं। जहां-जहां मनुष्य के कदम पड़ रहे हैं वहां धरती इतनी संवेदनशील बन गई कि अब उसे कोई नहीं बचा सकता है। ध्यान रहे कि चारधाम बरसात में सुरक्षित नहीं है।**

सुरक्षा के नाम पर जितनी भी घोषणाएं करें वह मौसम के सामने बौनी पड़ रही है। यहां हर साल आपदा की भवावहता बढ़ती ही जा रही है। केदारनाथ आपदा की तरह ही मंदाकिनी नदी में इस बार फिर से जल पलय जैसा रूप लोगों ने देखा है। स्थिति इतनी विकराल बन गई कि 2 अगस्त तक केदारनाथ पैदल मार्ग पर फंसे लगभग 4000 यात्रियों को रेस्क्यू किया गया, जिसमें से लगभग 700 यात्रियों को हेली सेवा से सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। मंदाकिनी नदी में जल स्तर बढ़ने से पैदल मार्ग पर रामवाड़ा में दो पुल और भीम बली में 25 मीटर रास्ता क्षतिग्रस्त होकर बह गया था, जहां से केदारनाथ जाने वाले यात्रियों को मुश्किल से बचाया जा सका है। पैदल मार्ग पर फंसे यात्रियों के लिए भोजन और पानी की व्यवस्था राज्य सरकार ने की है। यदि पहले मौसम के अलर्ट की सूचना पर ऋषिकेश में ही यात्रियों को जाने से रोक देते तो समय और खर्च दोनों भी रोका जा सकता था। उत्तराखंड और हिमाचल में अब तक 22 लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें से 16 लोग उत्तराखंड में मलबे में दबकर मरे हैं। हिमाचल में 6 लोगों की मौत हो गई है और लगभग 53 लोग लापता बताए जा रहे हैं। अब तक वहां पर 300 करोड़ से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।2023 की आपदा में भी हिमाचल में 10,000 करोड़ का नुकसान हुआ था और लगभग 500 लोग मारे गए थे। इस बार अभी तक यहां दो पावर प्रोजेक्ट ध्वस्त हो गए हैं, जिसके कारण दर्जनों लोग लापता है। आपदा की यह जानलेवा घटना कुल्लू, मंडी और रामपुर में अधिक हुई है। हिमाचल की 445 सड़कें यातायात के लिए ठप पड़ी है। जिसको खोलने के लिए राज्य सरकार युद्ध स्तर पर काम कर रही है। सूत्रों का कहना है कि हिमाचल प्रदेश में बाहर से आने वाले पर्यटकों ने आपदा की स्थिति को देखकर अपनी बुकिंग कैंसिल की है, जिसके कारण पर्यटन कारोबार पिछले वर्ष की तरह प्रभावित हो गया है। कुल्लू-शिमला की सीमा पर समेज खड में आई बाढ़ में लगभग 36 से ज्यादा मकान बह गए हैं।यहां 6 बच्चों समेत 36 लोग भी लापता हैं। 7 घंटे में सामान्य से 305 मिलीमीटर ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। लगभग 7 पुल बह गए हैं। सतलुज और ब्यास नदियों का जलस्तर खतरे के करीब पहुंचने लगा है। यहां पर श्रीखंड महादेव मार्ग पर करीब 250 लोग फंसे रहे। चिंता की बात यह है कि हिमाचल प्रदेश में जल विद्युत परियोजनाएं सबसे अधिक विनाश का कारण बन रही हैं। 2013 की केदारनाथ आपदा के समय भी 24 जल विद्युत परियोजनाओं ने मंदाकिनी और अलकनंदा घाटी का जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित किया था, जिसमें हजारों लोग मारे गए थे। इसकी पुनरावृत्ति फिर से देखी जा रही है।जिला टिहरी गढ़वाल में बालगंगा और धर्मगंगा पर 26-27 जुलाई की भीषण बाढ़ ने जो विनाश लीला सामने लाई है; उसने केदारनाथ आपदा की याद ताजा की है। यहां पर तीर्थ यात्रियों के लिए प्रसिद्ध बूढ़ा केदारनाथ का मंदिर भी है, जिसके दोनों तरफ ये नदी बहती है। यहां 20 किमी के क्षेत्र में नदी तटों पर निर्माण कायरे से एकत्रित मलवे के बहने से पैदा हुए भीषण जल पलय से हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि नष्ट हुई है। लोगों के होटल, मकान, गौशालाएं नदी में समा गए।यहां पर बड़े बांध के विकल्प के रूप में 50 किलोवाट की एक छोटी पण बिजली बनाई गई थी, जो पूरी तरह मलबे में दब गई है।

इससे आगे भी तीन मेगावाट की एक लघु जल विद्युत भी ध्वस्त हो गई हैं। क्षेत्र के एक दर्जन पुल जर्जर हो चुके हैं। तिनगढ़ गांव के परिवारों के घरों में मलवा जमा हुआ है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बाढ़ पीड़ितों से मिल रहे हैं और राहत और पुनर्वास का आासन दे रहे हैं, लेकिन इन नदियों के दोनों तरफ लोग पूर्व में आपदा से प्रभावित हुए श्रीनगर, उत्तरकाशी और केदारनाथ की तर्ज पर पुनर्निर्माण की मांग कर रहे हैं क्योंकि यहां हालात बहुत चिंताजनक हैं।भारी बारिश के चलते डरे हुए माहौल में लोग रात गुजार रहे हैं, लेकिन इस क्षेत्र के पुनर्निर्माण के लिए जिस तरह की न्यूनतम राशि की घोषणाएं अब तक हुई है उसके कारण लोगों में रोष भी है। उत्तरकाशी में भागीरथी और यमुना नदी के उम में भी भीषण बाढ़ के दृश्य सामने आए हैं, लेकिन बाढ़ नियंत्रण के उपायों पर गंभीरतापूर्ण विचार नहीं हो रहा है। हिमालय की भौगोलिक संरचना की अनदेखी करके विकास के तरीके विनाश के रास्ते पर ले जा रही हैं। हर साल जल पलय की निरंतर घटनाओं में बह रही मिट्टी, पानी, पत्थर, पेड़, लोग आदि की चिंता बरसात पूरा होने पर समाप्त हो जाती है। इसके बाद धरती तोड़ विकास अनवरत चलता रहता है।

## तस्वीरों की दुनिया



झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची के बिरसा मुंडा स्मारक पार्क में विश्व आदिवासी दिवस समारोह के दौरान।



दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी मार्लेना ने नई दिल्ली के द्वारका में स्मार्ट कक्षाओं, अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एक नवनिर्मित विश्व स्तरीय स्कूल भवन का उद्घाटन किया।



त्रिपुरा और अगरतला में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ की महिला प्रहरी तैनात।



मुस्लिम धर्मगुरुओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली में संसद परिसर में वक्फ संशोधन अधिनियम पर चर्चा करने के लिए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू से मुलाकात की।



भारी बारिश के कारण मनोहर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास पहाड़ी का एक बड़ा हिस्सा ढह जाने से राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच66 अवरुद्ध हो गया है।



अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति में क्रीमी लेयर की पहचान करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।





वाराणसी में भारी बारिश के बाद गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर के बीच दशाश्वमेध घाट पर नावें खड़ी की गई।



## ब्राजील में बड़ा हादसा, 62 लोगों को लेकर जा रहा विमान हुआ दुर्घटनाग्रस्त

**साओ पाओलो, 10 अगस्त [एजेंसी]।**

ब्राजील के साओ पाओलो में एक बड़ा हादसा हो गया, यहां एक यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रॉयटर के मुताबिक इस विमान में 62 लोग सवार थे। लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ कि कितने लोग घायल हुए या मारे गए। विमान एक आवासीय इलाके में क्रैश हुआ है। घटना से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। एयरलाइन वोएपास ने विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की पुष्टि की है। एयरलाइन ने एक बयान में पुष्टि की कि साओ पाउलो के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ग्वारुलहोस के लिए जा रहा एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 58 यात्री और 4 चालक दल के सदस्य सवार थे। बयान में यह नहीं बताया गया कि दुर्घटना किस कारण से हुई।

साओ पाउलो के राज्य अग्निशमन विभाग ने सोशल मीडिया पर पुष्टि की कि विन्हेडो में एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, और उसने दुर्घटना वाले क्षेत्र में सात दल भेजे हैं। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में दिखाया गया है कि विमान पेड़ों के समूह में गिर रहा है और उसके बाद काले धुएं का बड़ा गुबार उठता दिख रहा है।

## उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए खुशखबरी, योगी सरकार की इस योजना से रुपये नहीं डॉलर में होगी कमाई



**लखनऊ, 10 अगस्त [एजेंसी]।**

किसान अब पौधे लगाकर डॉलर में कमाई करेंगे। योगी सरकार कार्बन फाइनेंस से यूपी के 25 हजार किसानों की आय बढ़ाएगी। कार्बन क्रेडिट पाने के लिए किसानों को अधिक संख्या में तेज गति से बढ़ने वाले पोपलर, मीलिया डूबिया, सेमल जैसी प्रजाति के पौधे लगाने होंगे। प्रत्येक पांचवें वर्ष में छह अमेरिकी डॉलर के हिसाब से प्रति कार्बन क्रेडिट से किसानों की कमाई होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को वर्ष 2070 तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन वाला देश बनाने का संकल्प लिया है। इसे पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में इस वर्ष 36 करोड़ से अधिक पौधे रोपकर कीर्तिमान बनाया गया है।

अगले पांच साल में 175 करोड़ से अधिक पौधे रोपने का लक्ष्य भी रखा गया है। वर्ष 2017 से अब तक प्रदेश में दो सौ करोड़ से भी अधिक पौधे रोपे गये हैं। योगी सरकार अब प्रदेश के किसानों को भी इस महाअभियान से जोड़ेगी। किसानों को कार्बन फाइनेंस योजना से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि की जाएगी। योजना का उद्देश्य किसानों को खेती-किसानी के साथ-साथ अपने खेतों में पौधारोपण करके अतिरिक्त आय अर्जित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। प्रथम चरण में 25 हजार से अधिक किसानों को इस योजना से जोड़ा जा चुका है। अब दूसरे चरण में देवीपाटन, अयोध्या, झांसी, मीरजापुर, कानपुर, वाराणसी व अलीगढ़ मंडलों के किसानों को इस योजना से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा पहले चरण में शामिल मंडलों में नए किसानों को भी दूसरे चरण में जोड़ने की योजना है। तीसरे चरण में प्रदेश के बचे हुए आगरा, प्रयागराज, आजमगढ़, बस्ती और चित्रकूट में योजना को लागू किया जाएगा। द एनर्जी एंड रिसोर्स इंस्टीट्यूट (टेरी) और वीएनवी एडवाइजरी सर्विस के सहयोग से किसानों की आय में वृद्धि होगी। प्रथम चरण में अब तक गोरखपुर, बरेली, लखनऊ, मेरठ, मुरादाबाद और सहारनपुर मंडल के किसानों को कार्बन फाइनेंस योजना से जोड़ा गया है।

### *पीएम मोदी ने पहलवान अमन को कांस्य पदक जीतने पर दी बधाई, बोले- पूरा देश मना रहा जश्न*

*नई दिल्ली। पेरिस में भारत की ओर से कुश्ती में चुनौती पेश कर रहे एकमात्र पुरुष पहलवान अमन सहरावत ने 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमन सेहरावत को कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी।अमन ने पेरिस ओलंपिक में कुश्ती में भारत को पहला पदक दिलाया। उन्होंने 57 किलो फ्रीस्टाइल वर्ग के कांस्य पदक के मुकाबले में पुएर्तो रिको के डारियन तोइ क्रुज को अंकों के आधार पर 13 . 5 से हराया। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा कि हमारे पहलवानों की बदौलत हमें और भी गर्व हुआ। पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किलोग्राम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के लिए अमन सेहरावत को बधाई। उन्होंने लिखा कि उनकी लगन और दृढ़ता साफ तौर पर दिखाई देती है। पूरा देश इस उल्लेखनीय उपलब्धि का जश्न मना रहा है।अमन ने पहले प्री क्वार्टर फाइनल में उत्तर मैसेडोनिया के प्रतिद्वंद्वी व्लादिमीर इगोरोव को 10-0 से हराया, फिर क्वार्टर फाइनल में अल्बेनिया के जेलिमखआन अबाकारोव को 12-0 से मात दे दी थी।*

## जगदीप धनखड़ को हटाना चाहता है विपक्ष, 87 सांसदों ने किए हस्ताक्षर, क्या पारित होगा महाभियोग प्रस्ताव



**नई दिल्ली।** विपक्षी दल राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ संविधान के अनुच्छेद 67 के तहत महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी में हैं। सूत्रों के मुताबिक अभी नोटिस के समय पर चर्चा करना और निर्णय लिया जाना है। हालांकि इसकी अभी आधिकारिक घोषणा किसी ने नहीं की है। वैसे भी विपक्ष के पास महाभियोग पारित कराने के लिए संख्या बल पर्याप्त नहीं है। मगर विपक्षी सूत्रों के मुताबिक नोटिस के लिए 87 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। विपक्षी सूत्रों ने जानकारी दी कि दो दिन पहले राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा को अनौपचारिक रूप से सूचित किया गया था कि विपक्ष धनखड़ को हटाने के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत करने पर विचार कर रहा है। विपक्ष चाहता है कि सदन नियमों और परंपरा के अनुसार चले और सदस्यों के खिलाफ व्यक्तिगत टिप्पणियां अस्वीकार्य हैं। कांग्रेस और इंडी गठबंधन में शामिल कई दलों ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ का रवैया पक्षपातपूर्ण दिखाई देता है। हालत यह है कि नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को बोलने नहीं दिया जाता। बार-बार उनका माइक बंद कर दिया जाता है। इस मामले में सभापति जगदीप धनखड़ और इंडी गठबंधन के सहयोगी दलों के बीच गतिरोध बढ़ गया है।बता दें कि अनुच्छेद 67(बी) के तहत उपराष्ट्रपति को राज्यसभा के सभी तत्कालीन सदस्यों के बहुमत से पारित और लोकसभा द्वारा सहमत एक प्रस्ताव के माध्यम से हटाया जा सकता है। हालांकि कोई भी प्रस्ताव तब तक पेश नहीं किया जाएगा, जब तक कि प्रस्ताव पेश करने के इरादे से कम से कम 14 दिन का नोटिस न दिया गया हो।

## भीड़ से खचाखच भरे मेले में रोडवेज बस का ब्रेक फेल डिवाइडर से टकराकर रुकी, क्रेन से सीधा किया तो फिर भागी



**लखनऊ।** हुसैनगंज चौराहे पर शुक्रवार देर शाम गलत रूट से जा रही रोडवेज बस का ब्रेक फेल हो गई। अनियंत्रित बस ने कई लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक गंभीर से घायल हो गया। नागपंचमी का मेला लगा होने से घटनास्थल पर बच्चे, महिलाओं समेत सैकड़ों लोग सड़क पर मौजूद थे। हादसे के वहां भगदड़ मच गई। डिवाइडर से टकराकर बस रुकी तो लोगों ने चालक को पकड़कर पीट दिया। वहीं, बस कंडक्टर बैग छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची डीसीपी एडीसीपी मध्य समेत चार थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। बस क्रेन की मदद से हटवाया और ट्रैफिक जाम को खुलवाया। हुसैनगंज से बर्लिंगटन चौराहे के बीच प्रति वर्ष की तरह नागपंचमी का मेला लगा हुआ था। सैकड़ों लोग वहां मौजूद थे। तभी चारबाग बस डिपो से सवारी लेकर हजरतगंज की तरफ जा रही रोडवेज बस का हुसैनगंज चौराहे पर ब्रेक फेल हो गया। इसके बाद बस अनियंत्रित होकर 100 मीटर तक कई लोगों को टक्कर मारते हुए राज होटल के सामने से डिवाइडर से टकरा गई। इस घटना में रानीगंज निवासी रोहित वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां मौजूद लोगों ने चालक को जमकर पीटा तो कंडक्टर बैग छोड़कर मौके से फरार हो गया। सवारियों में मौजूद महिला ने बैग उठाकर पुलिसकर्मी को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने किसी चालक को पकड़ा और थाने ले गई। इधर, बस में बैठी सवारियों ने कूदकर जान बचाई। हादसे के कारण वाहनों की कतार लग गई। यह सूचना मिलते ही मौके पर डीसीपी समेत कई थानों का पुलिस बल पहुंच गया। आनन फानन क्रेन को बुलाया गया और बस को हटवाया गया। इसके बाद वाहनों को निकाला गया। इंस्पेक्टर कैसरबाग ने बताया कि चालक का मेडिकल करवाने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।बस 17 सवारियों को लेकर गोरखपुर जा रही थी। नियम के हिसाब से बस को शहीद पथ होकर जाना होता है, लेकिन चालक गलत रूट से ले जा रहा था। ऐसे में चालक और कंडक्टर का नाम पता कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं सवारियों का पैसा वापस होगा। साथ ही घायलों को इलाज करवाया जाएगा। क्रेन की मदद से बस को हटाया जाने लगा। क्रेन ने जैसे ही बस को उठाया तो बस स्टार्ट होकर अनियंत्रित हो गई। किसी तरह वहां मौजूद इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बंद किया और फिर से क्रेन में बंधवाया। इसके बाद बस को वहां से हटाया गया।

## देह व्यापार करवा रही थी शबनम उर्फ बसंती, मोबाइल में मिली लड़कियों की तस्वीरें... ग्राहकों के नंबर

**मैनपुरी, 10 अगस्त [एजेंसी]।**

करीब एक माह पहले लापता हुई किशोरी देह व्यापार गिरोह के चंगुल में फंस गई थी। पुलिस ने किशोरी को बरामद करने के साथ ही सहारनपुर की वेश्यालय संचालिका और उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि महिला के गिरोह में शामिल किशोरी के गांव के निवासी दो युवक पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सके हैं। दोनों की तलाश में दबिश दी जा रही है।थाना बिछ्वां के एक गांव की निवासी 14 वर्षीय किशोरी 28 जून को लापता हो गई थी। स्वजन उसकी तलाश में जुटे थे, लेकिन कोई पता नहीं चला। एक जुलाई को घटना की प्राथमिकी अज्ञात अपहर्ताओं के विरुद्ध दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि गांव के निवासी अवनीश और कल्लू लंबे समय से किशोरी के संपर्क में थे। किशोरी की दोनों के साथ फोन पर बातचीत होती थी। पुलिस ने दोनों युवकों के मोबाइल सर्विलांस पर लिए तो पता चला कि वे सहारनपुर निवासी वेश्यालय संचालिका शबनम के संपर्क में है।पुलिस की एक टीम सहारनपुर पहुंची और शबनम के बारे में जानकारी जुटाई। पता चला कि शबनम देह व्यापार गिरोह की सरगना है। उसके द्वारा चोरी छिपे अपने घर में वेश्यालय का संचालन किया जा रहा है। पुलिस उसके घर पहुंची तब तक वह ताला बंदकर गायब हो चुकी थी। सर्विलांस के



जरिए पुलिस, उसका पीछा कर रही थी। शुक्रवार सुबह पुलिस को पता चला कि शबनम अपने साथियों के साथ बेवर फ्लाईओवर के पीछे मौजूद है। वह केस की पैरवी के लिए वकील के पास जाने वाली है। तभी पुलिस ने शबनम उर्फ बसंती उर्फ रितू शर्मा निवासी नाजिरपुरा सहारनपुर उसके साथी नावेद निवासी मालाहेड़ी थाना बहेट सहारनपुर व आमिर निवासी गांव मांझीपुर थाना बहेट सहारनपुर को गिरफ्तार कर लिया। उनके साथ मौजूद अपहृत किशोरी को बरामद कर लिया।थाने पर लाकर पूछताछ की गई तो किशोरी ने बताया कि अवनीश ने उसे कल्लू के साथ दिल्ली जाने के लिए कहा था। अवनीश ने कहा था कि वह दिल्ली आनंद विहार बस स्टैंड पर मिलेगा, लेकिन अवनीश वहां नहीं मिला।

कुछ देर में कल्लू गायब हो गया। इसी बीच शबनम, नावेद और आमिर किशोरी के पास पहुंचे। उसे भूख लगी थी। शबनम ने सहानुभूति जताते हुए किशोरी को खाना खिलाया फिर तीनों लोग उसे अपने साथ सहारनपुर ले गए। किशोरी को जिस घर में रखा गया, वहां वेश्यालय चल रहा था। घर के अंदर कई लड़कियां आती-जाती रहती थी। यह देखकर वह डर गई, लेकिन शबनम ने उसे कोई भी परेशानी न होने देने का भरोसा दिया तो किशोरी शबनम के घर में बनी रही। पुलिस ने घटना को मानव तस्करी का मामला माना है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से बरामद मोबाइल की तलाशी ली गई तो पता चला कि महिला और उसके साथियों द्वारा मोबाइल के जरिए गिरोह का संचालन किया जा रहा है।मोबाइल में कई लड़कियों की तस्वीरें, आपत्तिजनक वीडियो, ग्राहकों के मोबाइल नंबर व अन्य सामग्री बरामद हुई है। पुलिस जांच में पता चला कि पकड़ी गई शबनम मूलरूप से बंगाल के नोदिया जिले की रहने वाली है। उसके तार बांग्लादेश से जुड़े होने की चर्चा है। थानाध्यक्ष बिछ्वां अवनीश गौतम ने बताया कि गिरफ्तार महिला और उसके दोनों साथियों को जेल भेज दिया गया है। अन्य दोनों आरोपियों को तलाश किया जा रहा है। मामले में जांच चल रही है, कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बेटी के प्रेमी ने मां को पेट्रोल से जलाकर मार डाला मिलने-जुलने से किया था मना, फिर एक रात जो हुआ



**जौनपुर, 10 अगस्त [एजेंसी]।**

क्षेत्र के एक में गुरुवार की भोर में पेट्रोल डालकर जलाई गई महिला की बीएचयू ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध दर्ज मुकदमे में हत्या के प्रयास की धारा को हत्या में परिवर्तित कर दिया है। आरोपी को गुरुवार की शाम को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। गांव के एक व्यक्ति रोजी-रोटी के सिलसिले में मुंबई रहते हैं। उनकी 54 वर्षीय पत्नी पविदा बिंद घर पर बेटी व पुत्र के साथ रहती थी। उसकी बेटी के कथित प्रेमी मटियरा निवासी विनय बिंद उर्फ अंगद ने पविदा को घर में घुसकर पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। पीड़िता का दोष सिर्फ इतना था कि उसे आरोपी का बेटी से चोरी-छिपे मिलना-जुलना व बातचीत करना पसंद नहीं था। इसके लिए वह आरोपी को कई बार मना भी कर चुकी थी।

इसके बाद भी आरोपी विनय बिंद अपनी हरकत से बाज नहीं आया तो उसने बेटी को रिश्तेदार के घर भेज दिया था। यह बात विनय को नागवार लगी। पीड़िता के गांव में ही आरोपी की ननिहाल है। साजिश के तहत वह बुधवार की रात ही ननिहाल आ गया था। भोर में जब सभी सो रहे थे वह पीड़िता के घर में पीछे से छत पर चढ़कर उतरा और गहरी नींद में सो रही पविदा पर पेट्रोल डालकर माचिस की जलती तीली डालकर भागने लगा तो पीड़िता ने उसे देख लिया था। मृत्यु पूर्व पीड़िता ने आरोपी के विरुद्ध बयान व लिखित प्रार्थना पत्र भी दिया था।

## शेखपुरा में थाना अध्यक्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, कमरे में मिला शव, जांच जारी

**शेखपुरा, 10 अगस्त [एजेंसी]।**



शेखपुरा जिले के बरबीघा नगर क्षेत्र के मिशन थाना अध्यक्ष 50 वर्षीय बालमुकुंद राय की लाश अपने कमरे में मिली। यह घटना देर रात की है। बालमुकुंद राय का पुलिस अधीक्षक बलीराम चौधरी के द्वारा आज ही, शुक्रवार को स्थानांतरित करके जयरामपुर थाना भेजा गया था। बालमुकुंद राय भागलपुर के नाथनगर थाना क्षेत्र के अमरपुर गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। मिली जानकारी में बताया गया कि शाम तक भी ठीक-ठाक थे। अपने कमरे में चले गए। बरबीघा थाना के आवास परिसर में वे रहते थे । बरबीघा के थाना अध्यक्ष वैभव कुमार जब रात्रि में उनको खाने के लिए कहने गए तो वह अपने कमरे में मुंह के बल लेटे हुए थे ।जब जगाने के लिए गए तो कोई हरकत नहीं हुई। वे पेट के बल लेटे मिले। मुंह से झाग निकला मिला। उनको बरबीघा अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने मरा हुआ घोषित कर दिया । सूचना के बाद एसपी बलीराम चौधरी सहित जिले के सभी पुलिस पदाधिकारी बरबीघा अस्पताल पहुंच गए । इस संबंध में किसी के द्वारा मौत होने के कारण की पुष्टि नहीं की जा रही । कुछ लोगों के द्वारा आत्महत्या किए जाने की चर्चा हो रही है तो कुछ लोगों के द्वारा दिल का दौरा पड़ने से मौत भी कहा जा रहा है । स्थानीय चिकित्सक के द्वारा भी कोई जानकारी नहीं दी जा रही है।

## 20 कोच वाली वंदे भारत ट्रेन का हुआ ट्रायल अहमदाबाद से पांच घंटे 21 मिनट में पहुंची मुंबई



**मुंबई, 10 अगस्त [एजेंसी]।**

पश्चिम रेलवे ने शुक्रवार को अतिरिक्त कोच वाली वंदे भारत ट्रेन का परीक्षण किया। यह अहमदाबाद से पांच घंटे 21 मिनट में मुंबई पहुंची। केसरिया रंग की ट्रेन में वंदे भारत एक्सप्रेस के मौजूदा संस्करण की तुलना में चार अतिरिक्त डिब्बे थे।एक अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार सुबह अहमदाबाद और मुंबई के बीच 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से 20 कोच वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का ट्रायल रन किया गया। ट्रेन सुबह सात बजे अहमदाबाद से चली और दोपहर 12.21 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंची। परीक्षण में चार अतिरिक्त सी कोच शामिल थे।उन्होंने कहा कि ट्रेन ने दोपहर एक बजे मुंबई सेंट्रल से अहमदाबाद के लिए अपनी वापसी यात्रा फिर से शुरू की। 29 जुलाई 2024 तक भारतीय रेलवे देश भर में 102 वंदे भारत ट्रेन सेवाओं का संचालन कर रहा है। वर्तमान में मुंबई और अहमदाबाद के बीच 50 से अधिक ट्रेन सेवाएं शामिल हैं, जिसमें वंदे भारत, तेजस और शताब्दी एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें शामिल हैं।

### बाइक और स्कूटी की टक्कर ट्रक ने महिला को कुचला, मौत

**बैतूल ।** बैतूल के उपनगरीय क्षेत्र बडौरा में देर शाम स्कूटी सवार एक महिला की ट्रक से कुचल कर मौत हो गई। महिला राखी खरीदकर कर्मचारी के साथ घर लौट रही थी। वह कृषि उपकरण शो रूम संचालक की पुत्री बताई जा रही है। बैतूल बाजार पुलिस थाना में तैनात उप निरीक्षक रमन धुर्वे के मुताबिक, महिला शैल कुमारी पिता नारायण (44) आज देर शाम बैतूल से राखी खरीदकर अपने बडोरा स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास घर जा रही थी। शुरुआती सूचना के मुताबिक, उनकी स्कूटी की टक्कर किसी बाइक से हुई। जिससे महिला और कर्मचारी गिर पड़े।

## घर से भागी लड़की, राजस्थान में बेची गई, एक लाख रुपये में खरीदकर धन्नाराम ने की शादी, फिर ऐसे खुला रहस्य



**मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी को राजस्थान प्रांत ले जाकर एक लाख रुपये में बेच दिया गया। इसके बाद जबरन उससे शादी रचा ली गई। लगभग दो माह बाद किशोरी जब अपने मां से मिलने अपने घर आई तो जाकर मामले का खुलासा हुआ। इस मामले में पुलिस ने फौरी कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बीते 31 मई को क्षेत्र निवासी 14 वर्षीय किशोरी अपने घर से गुस्सा होकर जनपद मुख्यालय चली गई। इसी बीच शहर कोतवाली के मलिन बस्ती भींटी निवासी सोनी पत्नी कर्मवीर व उर्मिला पत्नी पवन कुमार से उसकी मुलाकात हो गई। कुछ दिन तक यह महिलाएं किशोरी को अपने घर पर रखीं। इसके बाद यह उसे लेकर राजस्थान के अलवर चली गईं। इसमें से एक महिला किशोरी की मां बनकर फर्जी आधारकार्ड बनवा लिया।

इसके बाद यहां किशोरी का एक लाख में सौदा कर लिया और राजस्थान के अलवर निवासी धन्ना राम को बेच दिया। धन्नाराम ने उससे शादी रचा ली। इधर, लगभग दो सप्ताह तक किशोरी के परिजनों ने उसकी खोजबीन की। पता नहीं चलने पर गांव के ही दो युवकों को नामजद करते हुए अपहरण का मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस मुकदमा दर्ज छानबीन कर रही थी। इस बीच किशोरी अपनी मां से मिलने के लिए धन्ना से जिद करने लगी। उसके जिद करने पर गुरुवार को धन्ना लड़की लेकर उसके घर पहुंचा। इस बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने लड़की व उसके पति को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के बाद दोनों महिलाओं को भी उठा लिया गया। इसके बाद सभी को पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।यह बेहद संगीन मामला है। सभी आरोपियों को गंभीर धाराओं में जेल भेज दिया गया है। किशोरी को वन स्टाफ सेंटर पर रखा गया है। उसका मेडिकल मुआयना अभी नहीं कराया गया है। उसका बयान होने के बाद और राज खुल जाएगा।

# बिजली भी पैदा करेगा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे 450 मेगावाट पावर के उत्पादन की तैयारी

**लखनऊ, 10 अगस्त [एजेंसी]।**



बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर्यावरण संरक्षण के साथ बिजली भी पैदा करेगा। इटावा से चित्रकूट तक 296 किलोमीटर लंबे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के किनारे 25 हजार से अधिक पौधे लगाने के साथ ही 1700 हेक्टेयर क्षेत्र में सोलर पार्क भी विकसित किया जाएगा। सोलर पार्क के जरिये 450 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन की तैयारी है। पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) पर विकसित होने वाले सोलर पार्क के लिए निवेशकों को 25 वर्ष के लिए पट्टे पर भूमि आवंटित की जाएगी। औद्योगिक विकास मंत्री ने कहा कि सरकार इस सोलर प्रोजेक्ट को लेकर गंभीर है और हम निवेशकों के हितों का पूरा ख्याल रखेंगे। सोलर पार्क के लिए 15 हजार रुपये प्रति एकड़ लीज पर उपलब्ध कराई जाने वाली भूमि पर सरकार के पक्ष को स्पष्ट करते हुए मंत्री ने कहा कि निवेशकों के हित में इस शर्त को भी हटाने पर विचार किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने का सरकार का संकल्प है। इस लक्ष्य को पाने के लिए हम हर रुकावट को दूर करेंगे।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि सोलर एक्सप्रेसवे पहला और अनोखा प्रयोग है। 296 किमी लंबे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ सोलर पार्क विकसित करने का हमारा प्रयास है। उन्होंने सुरक्षा को लेकर निवेशकों की आशंका को दूर करते हुए बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर थ्री लेयर सिक्योरिटी है। एक्सप्रेसवे के किनारे 1500 हेक्टेयर भूमि के दोनों ओर तारबंदी भी है। यूपी पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने भी निवेशकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया और सौर ऊर्जा नीति के तहत दिए जाने वाले प्रोत्साहनों की जानकारी दी। ग्लोबल एनर्जी एलायंस फार पीपुल एंड प्लेनेट (जीईएपीपी) के सुमित कुमार ने एक्सप्रेसवे प्रोजेक्ट पर किए गए अध्ययन की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि एक्सप्रेसवे की पूरी मैपिंग की जा चुकी है।

एक्सप्रेसवे के दोनों किनारों पर 12-15 मीटर चौड़ाई में सोलर पार्क विकसित किए जाएंगे। प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत करीब 2500 करोड़ रुपये आएगी। निवेशक अपनी लागत का आकलन कर पांच साल से लेकर 25 वर्ष के लिए पीपीए कर सकते हैं। प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने की अवधि 18 माह रखी गई है। औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव अनिल सागर ने कहा सरकार की निवेश नीतियों के तहत सभी रियायतें दी जाएंगी। यूपीडा के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीहरि प्रताप शाही ने निवेशकों से प्रोजेक्ट की जानकारी साझा की। इस मौके पर विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने सोलर पार्क पर अपनी प्रस्तुति भी दी। कार्यक्रम में महाप्रीत, टाटा पावर, जीएमआर ग्रुप, एनटीपीसी, आदाणी सोलर एनर्जी, अट्रिया पावर,सात्विक ग्रीन, ओएमसी पावर, टोरेंट पावर, आरएवीसी सोल्यूशन, अवाडा ग्रुप, एचपीएम सोलर, नोवासिस ग्रीन और एसजेवीएन लिमिटेड के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# डॉक्टर से सलाह लिए बिना दवा खाना कितना खतरनाक, आप भी तो नहीं कर रहे यह गलती?

**भारतीयों की एक सबसे बुरी आदत है वह खुद से अपनी बीमारी का इलाज करने लगते हैं. अगर आपको भी ऐसी ऐसी लत है कि तबीयत खराब होने के बाद आप भी खुद से ही दवा खाने लगते हैं. तो यह खबर आपके लिए है. सबसे पहले तो अपनी यह आदत सुधार लें. क्योंकि हम इसे नॉर्मल बात समझकर कोई सा भी दवा खा लेते हैं लेकिन शरीर पर इसके गंभीर रूप से साइड इफेक्ट्स दिखते हैं. खुद से मेडिकेशन जानलेवा हो सकता है जब तक आपको गलती का एहसास होता है तब तक बात काफी ज्यादा बिगड़ जाती है. कई बार ऐसा होता है कि पुरुष के मुकाबले महिलाओं की स्थिति तो और भी ज्यादा खतरनाक है. महिलाएं शर्म से खुद से ही कोई सा भी दवा ले लेती है. ऐसी गलती बिल्कुल भी न करें. कुछ तो ऐसे भी है जो खुद से सप्लीमेंट्स और मल्टीविटामिन ले लेते हैं. ऐसा अगर आप या घर, परिवार में कोई करता है तो तुरंत मना कर दें. कोई भी दवा, सप्लीमेंट्स लेने से पहले पहले टेस्ट करवाएं. टेस्ट भी डॉक्टर से दिखाने के बाद ही करवाएं. खुद से कोई भी मेडिकेशन शुरू न करें.**



सेल?फ मेडि?केशन के नुकसान क्या है?

सेल्श मेडिकेशन का साफ अर्थ है कि बिना डॉक्टर की सलाह लिए खुद से दवा खा लेना. लोग सेल्फ मेडिकेशन करते हैं इसके गंभीर साइड इफेक्ट्स शरीर पर दिखाई देते हैं. सेल्फ मेडिकेशन के कारण उल्टी, चक्कर आना, सिर दर्द, मोटापा, कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का खतरा बढ़ता है. इसलिए अपनी फैमिली या दोस्त, रिश्तेदार को सेल्फ मेडिकेशन से बचाएं, बिना डॉक्टर से जानें खुद से दवा न खाएं. क्योंकि यह आपकी सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकता है.

दवा के पैकेट के ऊपर उसकी एमजी भी लिखी होती है. डॉक्टर जब मरीज का इलाज करते हैं तब मरीज की उम्र के हिसाब से एमजी देते हैं. अगर आपने छोटे बच्चों को ओवर डोज दे दिया तो उनके लिए काफी ज्यादा नुकसानदायक हो सकता है. इससे उनकी तबीयत भी बिगड़ सकती है. अगर आप हल्के बुखार में हाई डोज लेते हैं तो इससे आपको बैचेनी और घबराहट या बैचेनी हो सकती है. इसलिए डॉक्टर की सलाह के बिना कोई भी दवा न खाएं. कई लोग तो मलेरिया जैसी गंभीर बीमारी में भी खुद से दवा खाने लगते हैं. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इससे कई सारे साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं.

## सनी लियोन ने दिए पोज, एक्ट्रेस की स्टनिंग तस्वीरें सोशल मीडिया पर हुई वायरल


बॉलीवुड की हॉट और बोल्ड अभिनेत्री सनी लियोन ने एक बार फिर से अपने बोल्ड लुक से सभी को दीवाना बना दिया है. सनी ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह मल्टीकलर ब्रालेट और पर्पल जैकेट में बेहद हॉट लग रही हैं. इन तस्वीरों में सनी ने अपने बालों को बांधा हुआ है और ग्लोइंग मेकअप किया हुआ है. उन्होंने कैमरे के सामने बेहद सेक्सी पोज दिए हैं. सनी की इन तस्वीरों को देखकर फैंस उनके दीवाने हो गए हैं. सनी लियोन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर करती रहती हैं. सनी को मैक्सिको घूमना बेहद पसंद है और यही वजह है कि हर साल हॉलिडे पर उन्हें पति डेनियल विबर के साथ मेक्सिको में स्पॉट किया जाता है। सनी जहां भी जाती हैं उन्हे देखने लिए दिवानों की तरह उनके फैन उमड़ पड़ते हैं। फैन की इसी दिवानगी का सनी बहुत सम्मान करती हैं, इसलिए वह फैन के लिए सोशल मीडिया पर एक से एक अपनी खूबसूरत तस्वीर साझा करती रहती हैं। एक्ट्रेस सनी लियोन के हॉट और सेक्सी अदाओं का तो बॉलीवुड में हर कोई दिवाना है। वैसे सनी फुर्सत के पलों को पूल या फिर बीच पर इंजॉय करना पसंद करती हैं। उनके फैंस को उनकी ये तस्वीरें बेहद पसंद आती हैं.



## बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर बनी जाह्नवी कपूर की उलझ', 6 दिन में बस इतनी हुई कमाई

जाह्नवी कपूर की लेटेस्ट रिलीज 'उलझ' बॉक्स ऑफिस पर भी उलझ कर रह गई है. फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया है और इसी के साथ ये बॉक्स ऑफिस पर बेहद खराब परफॉर्म कर रही है. इस फिल्म को रिलीज हुए एक हफ्ता भी नहीं हुआ है और अब इसका टिकट काउंटर से पत्ता साफ होता हुआ नजर आ रहा है. चलिए यहां जानते हैं 'उलझ' ने रिलीज के छठे दिन यानी पहले बुधवार को कितना कलेक्शन किया है?

जाह्नवी कपूर की हालिया रिलीज उलझ की बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट बेहद निराशाजनक है. फिल्म की रिलीज से पहले लग रहा था कि ये सिनेमाघरों में धमला मचा देगी. लेकिन सुधांशु सरिया द्वारा निर्देशित, 'उलझ' का रिलीज के एक हफ्ता पूरा होने से पहले ही बंटाधार हो चुका है. फिल्म रिलीज के पहले दिन से सिनेमाघरों में दर्शकों के लिए तरसती हुई नजर आ रही है और ये सिलसिला छठे दिन भी बरकरार है. फिल्म की खराब परफॉर्मेंस के चलते ये बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हो गई है.



वहीं 'उलझ' के कलेक्शन कि बात करें तो इस फिल्म ने 1.15 करोड़ से ओपनिंग की थी. दूसरे दिन इस फिल्म ने 1.75 करोड़ कमाए. वहीं तीसरे दिन फिल्म का कलेक्शन 2 करोड़ रहा जबकि चौथे दिन 'उलझ' ने 65 लाख की कमाई की. वहीं पांचवें दिन फिल्म का कारोबार 70 लाख रहा. अब 'उलझ' की कमाई के छठे दिन यानी पहले बुधवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'उलझ' ने रिलीज के छठे दिन यानी पहले बुधवार को 60 लाख का कारोबार किया है. इसी के साथ 'उलझ' की 6 दिनों की कमाई 6.80 करोड़ रुपये हो गई है.'उलझ' बॉक्स ऑफिस पर अब अंतिम सांसे गिन रही है. फिल्म की हालत बेहद खराब हो चुकी है. बता दें कि 50 करोड़ के बजट में बनी ये स्पाई थ्रिलर रिलीज के 6 दिन बाद भी 10 करोड़ का आंकड़ा छूने से अभी काफी दूर है. वहीं फिल्म की कमाई की रफ्तार देखते हुए तो इसके ये नंबर पार करना नामुमकिन लग रहा है. ऐसे में हर दिन घट रहे कलेक्श के साथ 'उलझ' का जल्द ही बॉक्स ऑफिस पर से पैकअप होता हुआ नजर आ रहा है.बता दें कि 'उलझ' में जाह्नवी कपूर के अलावा गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यूज, आदिल हुसैन और राजेश तैलंग भी हैं.

## लाइफ हिल गई में दिव्येंदु और मुक्ति मोहन के साथ बॉन्डिंग पर कुशा कपिला ने की खुलकर बात

कंटेंट क्रिएटर और एक्ट्रेस कुशा कपिला अपने अपकमिंग वेब सीरीज लाइफ हिल गई को लेकर चर्चाओं में है। एक्ट्रेस ने सेट पर को-एक्टर दिव्येंदु और मुक्ति मोहन के साथ अपने बॉन्डिंग के बारे में खुलकर बात की।

बता दें कि सीरीज में मिर्जापुर फेम दिव्येंदु शर्मा और मुक्ति मोहन लीड रोल में हैं। मुक्ति मोहन ने दिव्येंदु की गर्लफ्रेंड का रोल निभाया है।

कुशा ने इस रिश्ते के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा, सच कहूं तो यह बहुत आसान था। दूसरे या तीसरे दिन, नैनीताल में ओले पड़े और मौसम भी ठीक नहीं था। मुझे एक आउटडोर शूट करना था जो नहीं हो सका। हमारे निर्देशक प्रेम ने सुझाव दिया कि हम सब बैठकर बात करें। हमारी बातचीत शुरू हुई और हम एक दूसरे के साथ सहज हो गए। उन्होंने कहा, एक दूसरे के प्रति स्वाभाविक सौहार्द और स्नेह था, जो समय के साथ बढ़ता ही गया। मुक्ति के साथ काम करना वाकई बहुत बढ़िया अनुभव रहा। वह लंबे समय से अलग-अलग आर्ट फॉर्म्स करती रही हैं, जैसे एक्टिंग, डांसिंग और उनका अपना स्टूडियो भी है। यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि उन्होंने लोकल भाषा को जल्दी से सीख लिया और स्कूटी चलाना भी सीख लिया। वह सीखने के लिए आगे रहती हैं और सेट पर उनकी एनर्जी अद्भुत है।

दिव्येंदु के बारे में बात करते हुए, कुशा ने कहा, दिव्येंदु एक लीजेंड हैं और एक्टिंग के मामले में बेहद शानदार हैं। वह सुनिश्चित करते हैं कि सीन में हर कोई अच्छा परफॉर्म करे, वह सीन शूट करने से पहले विस्तार से चर्चा करते हैं और सुझाव देते हैं। उनके जैसे सौहार्दपूर्ण व्यवहार के लिए मुझे उन्हें बहुत बड़ा श्रेय देना होगा। एक्ट्रेस ने कहा, उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि हम सभी एक साथ हों और उस किरदार को निभाएं जिसे हमें निभाना था। यह सीरीज आरुषि निशंक और हिमश्री फिल्म्स द्वारा निर्मित, प्रेम मिस्त्री द्वारा निर्देशित और जसमीत सिंह भाटिया द्वारा लिखित है।



# सावधान ! आपका एक शौक बना सकता है हमेशा के लिए बहरा, खतरे में हैं 100 करोड़ युवा

हम में से अधिकतर लोग गाने सुनने या फोन पर बात करने के लिए हेडफोन या ईयरफोन का इस्तेमाल करते हैं, जो बेहद खतरनाक है. ज्यादा देर तक इनका इस्तेमाल कानों को नुकसान पहुंचाने के अलावा सुनने की क्षमता को भी कम कर रहा है. बदलती लाइफस्टाइल के साथ लोग हेडफोन, ईयरफोन और इयरबड्स पर बहुत ज्यादा डिपेंडेंट हो चुके हैं. गाड़ी ड्राइव करते वक्त हो या फिर घर पर काम करते वक्त लोग लंबे समय तक ईयरफोन कानों में लगा कर रखते हैं जिसका सीधा और उनकी सेहत पर पड़ रहा है. आने वाले समय में आपका यह शौक आपको बहरा बना सकता है.

क रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है. डब्ल्यूएचओ की मेक लिसनिंग सेफ गाइडलाइंस में अनुमान जताया है कि 2050 तक दुनिया के 100 करोड़ से अधिक युवा बहरे हो सकते हैं. इनकी उम्र 12 से 35 साल तक होगी. इसके पीछे हेडफोन-ईयरफोन ही जिम्मेदार हैं.

हेडफोन-ईयरफोन क्यों खतरनाक

इस गाइडलाइंस में बताया गया है कि अभी 12 से 35 साल तक के करीब 50 करोड़ लोग अलग-अलग कारणों से बहरेपन की चपेट में हैं. इनमें से 25त्न ईयरफोन, ईयरबड, हेडफोन पर ज्यादा तेज साउंड में लगातार कुछ सुनने वाले हैं. जबकि करीब 50त्न लोग लंबे समय तक आसपास बजने वाले तेज म्यूजिक, क्लब, डिस्कोथेक, सिनेमा, फिटनेस क्लासेज, बार या किसी अन्य तेज साउंड के संपर्क में रहते हैं. मतलब लाउड म्यूजिक सुनने का शौक या ईयरफोन का ज्यादा इस्तेमाल बहरा बना सकता है.



हेडफोन का कितना वॉल्यूम है सेफ

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, पर्सनल डिवाइसों में वॉल्यूम का लेवल 75 डेसीबल से 136 डेसीबल तक रहता है. अलग-अलग देशों में इसका अलग लेवल भी हो सकता है. यूजर्स को इन डिवाइसेज का वॉल्यूम 75 डीबी से 105 डीबी ही रखना चाहिए. इसका इस्तेमाल भी लिमिटेड ही करना चाहिए. एक्सपर्ट्स के मुताबिक, कानों के लिए सबसे सेफ वॉल्यूम 20 से 30 डेसीबल है. इससे ज्यादा साउंड कानों की सेंसरी सेल्स को नुकसान पहुंचाते हैं.

क्या बहरापन ठीक हो सकता है

डॉक्टर्स के मुताबिक, हेडफोन-ईयरफोन जैसे डिवाइसों के इस्तेमाल से आया बहरापन कभी भी ठीक नहीं होता है. दरअसल, लगातार और लंबे समय तक तेज आवाज की वजह से हाई फ्रीक्वेंसी की नर्व डैमेज हो जाती है, जो रिवर्सिबल नहीं होती है. उसका इलाज पॉसिबल नहीं है. ये नर्व कभी भी ठीक नहीं होते हैं. इससे बचने का एक ही तरीका है कि इन डिवाइसेज का इस्तेमाल सावधानीपूर्वक करना चाहिए.



## रवि तेजा की फिल्म मिस्टर बच्चन का ट्रेलर हुआ रिलीज

रवि तेजा की बहुप्रतीक्षित फिल्म मिस्टर बच्चन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। तेजा के प्रशंसकों को ट्रेलर का लंबे वक्त से इंतजार था और आखिरकार निर्माताओं ने अपने वादे के मुताबिक ट्रेलर को दर्शकों के सामने पेश कर दिया। रवि तेजा की बहुप्रतीक्षित फिल्म मिस्टर बच्चन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। तेजा के प्रशंसकों को ट्रेलर का लंबे वक्त से इंतजार था और आज आखिरकार निर्माताओं ने अपने वादे के मुताबिक ट्रेलर को दर्शकों के सामने पेश कर दिया। मिस्टर बच्चन 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसमें रवि तेजा तो अहम रोल निभा ही रहे हैं।

## रायन ने कमल हसन की इंडियन 2 को पछाड़ा, धनुष की फिल्म बनी साल 2024 की सबसे कमाऊ तमिल मूवी

साउथ सुपरस्टार धनुष स्टारर रायन ने दो हफ्ते पूरे होने से पहले ही बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है. पहले हफ्ते की कमाई में रायन विजय सेतुपति की महाराजा को पीछे छोड़ते हुए दूसरी सबसे बड़ी फिल्म बनीं वहीं अब दूसरा हफ्ता खत्म होने से पहले ही फिल्म ने कमल हासन की इंडियन 2 को भी पीछे छोड़ दिया है. फिल्म 26 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और इंडियन को पीछे छोड़ते हुए यह साल की सबसे ज्यादा कमाने वाली तमिल फिल्म बन गई है. कमल हासन स्टारर इंडियन 2 ने इस साल की शुरूआत में 81.31 करोड़ रुपये की कमाई की थी.



## शब्द सामर्थ्य -144


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 143 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | | सि | वा | य | | कि |
| लि | | चा | ह | त | | म | म | ता |
| क | सू | र | | म | ग | न | | ब |
| | र | | | | द | | | |
| क | मा | न | | पा | र | स | | स |
| मी | | म | जा | ल | | न | क | ली |
| ना | दा | न | | ना | र | द | | का |
| | मि | | | | तीं | | | |
| सु | नी | ल | | अ | धी | र | | जी |

# डेढ़ वर्षों से बिना डॉक्टर के संचालित है शहरी स्वास्थ्य केंद्र






## इलाज के अभाव में परेशान है क्षेत्रवासी

**चरचा कालरी।** हजारों की जनसंख्या वाले कोरिया जिले के शहरी क्षेत्र नगर पालिका शिवपुर चर्चा का यह दुर्भाग्य है कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का बेहद अभाव है दिखावे के लिए विकास की बड़ी-बड़ी बातें की जाती हैं किंतु स्वास्थ्य के क्षेत्र में कुछ भी नहीं है पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में वार्ड क्रमांक 6 में शहरी स्वास्थ्य केंद्र का भव्य उद्घाटन किया गया जिसमें मात्र 6 महीना तक ही डॉक्टर रहे इस दौरान कई महिलाओं की डिलीवरी भी कराई गई लोगों को लगा कि अब हमें एक अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी किंतु यह खुशी चंद दिनों तक ही रह सकी कुछ महीनो के बाद शहरी स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर को हटा दिया गया जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी का कहना था कि यहां डॉक्टर के लिए सेटअप नहीं है स्वीकृति नहीं मिली है स्वीकृति के वजह से डॉक्टर नहीं आ पा रहे हैं इसके पश्चात नागरिकों ने जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई किंतु वह भी नकारा साबित हुए विगत डेढ़ वर्षों से यह स्वास्थ्य केंद्र बिना चिकित्सक के संचालित है शासन के द्वारा मात्र दो नर्सों की यहां ड्यूटी लगाई गई है डॉक्टर के अभाव में स्थानीय लोगों का समुचित इलाज नहीं हो पाता और उन्हें 10 किलोमीटर दूर जिला चिकित्सालय में जाना पड़ता है जिससे उन्हें काफी आर्थिक क्षति पहुंचती है पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में शहरी स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना के बाद 20 बेड के अस्पताल की भी घोषणा की गई इसके अतिरिक्त दो अन्य उप स्वास्थ्य केदो की स्वीकृति भी दी गई किंतु यह सब घोषणाएं सिर्फ कागजों में सीमित रही हकीकत में चिकित्सा सुविधा के नाम पर कोई उपलब्धि नहीं मिल सकी चर्चा के क्षेत्रीय चिकित्सालय चर्चा में गैर कलारी कर्मचारियों के इलाज में कोताही बरती जाती है एसईसीएल क्षेत्रीय चिकित्सालय के डॉक्टर जांच करते हैं किंतु दवाइयां बाहर से लेनी पड़ती है जांच भी नाम मात्र की होती है ऐसी स्थिति में क्षेत्रवासियों ने विधायक भैया लाल राजवाड़े से डॉक्टर उपलब्ध कराने की मांग की है जिससे चर्चा सहित चर्चा सहित आसपास के क्षेत्र के ग्रामीण जनों को भी चिकित्सा सुविधा का लाभ मिल सके छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश में सैकड़ो डॉक्टरों की नियुक्ति की गई किंतु चरचा कालरी के शहरी उप स्वास्थ्य केंद्र में एक भी डॉक्टर की नियुक्ति नहीं की गई जिससे स्थानीय लोग अपने आप को छला हुआ महसूस कर रहे हैं।

**नगर पालिका शिवपुर चर्चा के शहरी उप स्वास्थ्य केंद्र में अति शीघ्र चिकित्सक की नियुक्ति की जाएगी इसके अतिरिक्त जिले में दो एयर कंडीशन एंबुलेंस भी उपलब्ध कराए जाएंगे जिससे मरीजों को बाहर ले जाने में सहूलियत होगी।**
**भैया लाल राजवाड़े, विधायक**



# जिले में स्वाइन फ्लू की आशंका, स्वास्थ्य अमला जुटा मरीजों की पड़ताल में

## लक्षणों के बारे में सभी क्षेत्रों में किया जा रहा जनजागरण

**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने स्वास्थ्य केंद्रो के डॉक्टरों व अमले को निर्देश दिए हैं कि कहीं भी स्वाइन फ्लू की शिकायत या लक्षण देखने, सुनने या जानकारी मिलने पर तत्काल डॉक्टरों व लैब टेक्नीशियन की टीम भेजकर जांच करें।

इसी कड़ी में जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार बैकुंठपुर ब्लॉक के एसईसीएल व पंडोपारा, झिलमिली में स्वाइन फ्लु एच 1 एन 1 सर्वे किया गया। सर्विलेंस टीम द्वारा स्वाइन फ्लू ॥ 1 ह्1 का सर्वे घर-घर किया जा रहा है। स्वाइन फ्लु का टीमों के द्वारा घर-घर जाकर सर्वे किया गया, स्वाइन फ्लु मरीज की खोज की गई। जानकारी के अनुसार 36 घरों में सर्वे की गई, जहां 136 लोग निवासरत हैं। सर्दी, खांसी, सांस में तकलीफ की संख्या नहीं पाई गई। बुखार से पीड़ित मरीज़ो की संख्या नही था लेकिन 0-5 वर्ष के दो बच्चे में बुखार था। गर्भवती महिलाओं में इस तरह के लक्षण नहीं पाए गए। सर्विलेंस टीम व जिला टीम में डॉ. अभय तिर्की एपिडेमियोलॉजिस्ट, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, स्टाफ- नर्स, ब्लॉक टीम अमृतलाल टुण्डे प्रभारी बीईई, सुपरवाइजर के अलावा एसईसीएल के मैनेजर श्री बंजारे के नेतृत्व में उनकी टीम में डॉ चंद्रेश पटेल, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स द्वारा घर- घर स्वाइन फ्लू के सम्बंध में सर्वे की गई।

इस दौरान आम लोगों को सावधानी बरतने व स्वाइन फ्लू के लक्षण के बारे में डॉक्टरों द्वारा जानकारी दी गई। सामान्यतः लक्षणों में बुखार, खांसी, गले में खराश, ठंड लगना, कमजोरी और शरीर में दर्द शामिल हैं। अग्रिम मामलों में बच्चों को सांस की तकलीफ, निर्जलीकरण और चिड़चिड़ापन का अनुभव हो सकता है। बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को गंभीर संक्रमण का खतरा होता है। इस तरह के लक्षण दिखने पर तत्काल डॉक्टर से जाँच कराना ज़रूरी होता है।

### कहें-नशे को ना, जिंदगी को हां

## आज की आवश्यकता समाज को नशामुक्त बनाने की, दिलायी गई शपथ




**कोरिया बैकुंठपुर।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अवसर पर कोरिया कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के नेतृत्व में शासकीय आदर्श रामानुज हाई स्कूल, बैकुंठपुर के परिसर में स्कूली छात्र-छात्राओं, स्थानीय निवासियों, युवाओं विभिन्न विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ दिलाया गया। कलेक्टर ने कहा कि हमें अपने परिवार, समाज व जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए सब की भागीदारी आवश्यक है। नशा स्वयं, परिवार व समाज के लिए नुकसानदायक है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से विशेष कर युवाओं से अपील की नशे के विरुद्ध सबको लड़ना होगा और नशे को न और जिंदगी को हां कहना होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, श्रीमती अंकिता सोम, जनप्रतिनिधि, शहरवासी, युवा व छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से 1 करोड़ 16 लाख रूपए के 13 निर्माण कार्यों की मंजूरी

**चिरमिरी।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की पहल से नगर पंचायत झगराखाण्ड को वित्तीय वर्ष 2024-25 में निकाय क्षेत्रांतर्गत नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से अधोसंरचना मद में 13 निर्माण कार्यों हेतु अधोसंरचना मद से स्वीकृति मिली है। इन निर्माण कार्यो के लिए नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 1 करोड़ 16 लाख 78 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की गयी है।



नगर पंचायत झगराखाण्ड के वार्ड क्र. 12 में धनेश के घर से पहाड़ी के घर तक सी.सी. रोड निर्माण के लिए 10.02 लाख रूपए, वार्ड क्र. 12 में सुदामा चौधरी के घर से खलील के घर तक नाली निर्माण के लिए 8.04 लाख रूपए, वार्ड क्र. 12 में आबिद के घर से सबीर के घर तक रिटर्निंग वॉल निर्माण कार्य के लिए 4.86 लाख रूपए, वार्ड क्र. 12 में भवानी के घर से पूनम पनिका के घर तक नाली निर्माण कार्य के लिए 4.91 लाख रूपए, वार्ड क्र. 12 में पंप हाऊस के पास शौचालय निर्माण कार्य के लिए 10.00 लाख रूपए, वार्ड क्र. 05 में गोलाई दफाई में शौचालय निर्माण कार्य के लिए 10.00 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसी प्रकार वार्ड क्र. 10 में लैला मजनू ग्राउण्ड के पास सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य के लिए 10.00 लाख रूपए, वार्ड क्र. 10 में आंगनबाड़ी में बाऊण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य के लिए 4.76 लाख रूपए, वार्ड क्र. 01 में संजय सेन के घर से संतोष वर्मा के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य के लिए 4.72 लाख रूपए, वार्ड क्र. 15 में मोहन वर्मा के घर के पिछे रिटर्निंग वॉल निर्माण कार्य के लिए 4.48 लाख रूपए, वार्ड क्र. 06 एवं 07 मांगलिक भवन में बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य के लिए 19.91 लाख रूपए, वार्ड क्र. 10 में जमुना यादव के घर से आनंद के घर तक नाली निर्माण कार्य के लिए 5.08 लाख रूपए, वार्ड क्र. 08 में पुष्पवाटिका में उन्नयन कार्य के लिए 20.00 लाख रूपए की राशि प्रदाय की गयी है।



## विभिन्न समस्याओं के 300 आवेदन प्राप्त हुए

**चरचा कालरी।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका शिवपुर चर्चा में जन समस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन 27 जुलाई से 9 अगस्त 2024 तक किया गया इस पखवाड़े में निर्धारित तिथि में छूटे हुए लोगों के लिए अतिरिक्त दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नागरिकों ने आकर अपनी समस्याओं से पालिका प्रशासन को अवगत कराया जन समस्या निवारण पखवाड़े में आयोजित शिविर में लगभग 300 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें राजस्व विभाग से संबंधित जाति, निवास आदि के आवेदन थे इसके अतिरिक्त सफाई संबंधी आवेदन और निर्माण संबंधी आवेदन प्राप्त हुए प्रबुद्ध नागरिकों ने निकाय की विभिन्न समस्याओं जैसे मीट मटन मार्केट का विस्थापन, वार्ड क्रमांक 6 में स्थित शहरी उप स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की नियुक्ति,मुख्य मार्ग में जमीन पर खुले पड़े बिजली के विद्युत प्रवाहित तरंगित तारों को हटाने , बैडमिंटन कोर्ट के निर्माण संबंधी आवेदन भी प्राप्त हुए शिविर में आलोक चक्रधारी उप अभियंता नगर पालिका शिवपुर चर्चा, माहेश्वरी पैकरा ए आर आई शशि भूषण श्रीवास्तव ,प्रवीण राजवाड़े आर आई ,आर.के. सिंह , राज किशोर सिंह, आशीष पाल पटवारी शिवपुर चर्चा क्षेत्र, रमेश मलिक , पूनम देवी ,कलावती, सकीना परवीन, सत्यनारायण, सुरेश मुकेश आदि विशेष रूप से सक्रिय थे।

## भारतीय डाक विभाग का विशेष अभियान, पटना में डाक चौपाल 12 को



**कोरिया पाण्डवपारा।** डाक विभाग द्वारा 12 अगस्त को डाक चौपाल का आयोजन पटना में किया जा रहा है। इस विशेष अभियान का उद्देश्य नागरिकों तक विभाग में संचालित समस्त योजनाओं के लाभ को पहुंचाना है. इसी कड़ी में डाक अधीक्षक सरगुजा संभाग ने बताया कि डाक विभाग के इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से विशेष सामूहिक दुर्घटना बीमा लाया गया है, जिसके तहत महज़ सालाना 750 रुपए की रकम देकर 15 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा तुरंत शिविर से प्राप्त किया जा सकता है. स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सरकार द्वारा चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के त हत शिविर में तिरंगा विक्रय हेतु भी स्टॉल लगाया जाएगा. साथ ही नागरिक इस शिविर में पवित्र गंगाजल भी न्यूनतम शुल्क देकर क्रय कर सकते हैं.देव संस्कृति विद्यालय गायत्री मंदिर सावारावा गिरजापुर में कार्यक्रम रखा गया है।

# जमीनी हकीकत जानने कलेक्टर बारिश में कर रही है दौरा

## झुमका डैम, आंगनवाड़ी केंद्र, निर्माणाधीन तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने आज बारिश के बीच विभिन्न निर्माण कार्यों, डैम में जल भराव, संचालित संस्थाओं के जमीनी हकीकत जानने के लिए दौरा की।



कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने झुमका डैम पहुंचकर जल भराव की स्थिति और सिंचित रकबा के बारे में जानकारी प्राप्त की। चेरवापारा स्थित गेज नर्सरी पहुँच कर नर्सरी में विभिन्न किस्म के फलदार पौधे व लगाए गए पौधे के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी जिले के पांडोपारा, पहुँच कर आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण की। गर्भवती, शिशुवती माताओं, बच्चों को दिए जाने वाले गरम भोजन, पोषण आहार के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने आंगनवाड़ी के रसोई कक्ष, भंडार कक्ष का निरीक्षण की एवं मेन्यू चार्ट के अनुसार दी जा रही भोजन, गर्भवती माताओं एवं बच्चों के टीकाकरण के सम्बंध में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से जानकारी भी प्राप्त की। कलेक्टर ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को नियमित रूप से मेन्यू के अनुसार पोषण आहार देने के निर्देश दिए। पोषण ट्रेक में जानकारी अपलोड करने साथ ही बच्चों का विशेष ध्यान रखने, आंगनवाड़ी केंद्र व परिसर को साफ-सुथरा रखने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने पोड़ी बचरा के निर्माणाधीन तहसील कार्यालय, बचरा पोड़ी पहुंचकर वस्तु स्थिति से अवगत हुईं। उन्होंने तहसीलदार को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए और सम्बंधित ठेकेदार को गुणवत्ता युक्त सामग्री के उपयोग करने व समय पर कार्य करने के निर्देश दिए।

## ट्रेलर की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**रायपुर।** ग्राम टांडा के पास ट्रेलर ने स्कूटी सवार युवक को रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक महेन्द्र कुमार शुक्ला 35 वर्ष वार्ड क्रमांक 10 कुम्हारी का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी स्कूटी से घर जा रहा था, तभी ग्राम टाड़ा के पास ट्रेलर क्रमांक सीजी 11 एबी 3145 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी को टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## पैसे के लेनदेन को लेकर अधेड़ को पीटा

**रायपुर।** ग्राम चीचा में उधार पैसे के लेनदेन को लेकर एक युवक ने अधेड़ से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## नाला पार करने के दौरान फिसला पैर तेज धार में बह गई महिला

**रामानुजगंज।** रामचंद्रपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम चेरा में शुक्रवार दोपहर जंगल की ओर बहने वाले नाले को पार करने के दौरान एक महिला पैर फिसलने बह गई जिसका अब तक पता नहीं चल सका है। उसके साथ गई अन्य महिलाओं ने काफी तलाश की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। घटना की जानकारी पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल को मिलने पर उन्होंने तत्काल एसडीआरएफ की टीम को को मौके पर भेजा। शाम होने के कारण खोज अभियान रोक दिया गया है। इस दौरान महिला का पता नहीं चला। क्षेत्र में हो रही मूसलाधार बारिश से क्षेत्र के नदी नाले उफान पर है। इसी बीच दोपहर लगभग एक बजे चेरा की पांच महिलाएं जिसमें रजवंती पंडो पिता राम लोचन पंडो उम्र 55 वर्ष भी थी, खुखड़ी की तलाश में जंगल की ओर गई थी। सभी महिलाएं पांगन नदी में मिलने वाले बघुवार नाला को पार करके दूसरी ओर जा रही थी। इस दौरान चार महिलाएं तो नाले को पार कर निकल गई लेकिन रजवंती नाला पार करने के दौरान पैर फिसलने से गिर कर बहने लगी। चारों महिलाओं ने उसे बचाने का प्रयास किया परंतु पानी की धार इतनी तेज थी कि वह आगे निकल गई। महिलाओ ने काफी देर तक खोजने का प्रयास किया गया। बाद में इसकी जानकारी ग्राम के अन्य लोगों को भी दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल एसडीआरएफ की टीम को मौके पर भेजा। समाचार लिखे जाने तक महिला का पता नहीं चल सका था। अंधेरा होने के कारण तलाशी अभियान रोक दिया गया है। शनिवार को टीम फिर से महिला की तलाश में जुटेगी।

## नाला पार करते बाइक सहित बहे दो युवकों को ग्रामीणों ने निकाला

**महावीरगंज।** विजयनगर में दो युवक गांव की बीच बस्ती के नाला को पार करने के दौरान बहने लगे। बाइक एवं दोनों युवक बहते हुए कुछ दूर चले गए। जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने दोनों युवक एवं बाइक को काफी मशक्कत के बाद बहते पानी से निकाला। क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश से क्षेत्र के सभी नदी नाले उफान पर हैं। जानकारी के अनुसार बिहार के बक्सर जिला के कांत पंडित एवं राजू पंडित बाइक से गांव के बीच बस्ती में पौधा पहुंचाने जा रहे थे। शुक्रवार सुबह लगभग 11 बजे दोनों युवक बाइक से नाला पार कर रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक का एक चक्का पत्थर में फंस गया। देखते-देखते दोनों युवक बाइक के साथ बहने लगे। जैसे ही इसकी जानकारी आसपास के ग्रामीणों को मिली तत्काल मदद करने जुट गए। ग्रामीण मौके पर पहुंचे लेकिन इस दौरान दोनों युवक बहते हुए आगे निकल गए थे। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने दोनों युवक एवं बाइक को बाहर निकाल लिया।

## दुकान के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर।** मरीन ड्राइव लेंस कार्ड दुकान के पास खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मोहसीन अली 24 वर्ष सुंदरम कालोनी डीडीनगर का रहने वाला है।

# नदी-नाले उफान पर, कई अंदरूनी मार्गों पर आवागमन अवरुद्ध

**राजपुर।** बलरामपुर जिले के राजपुर क्षेत्र में भारी बारिश से नदी- नाले उफान पर हैं। कई अंदरूनी मार्गो पर पुल - पुलिया के ऊपर से पानी बहने के कारण घन्टों आवागमन बाधित रहा। अंबिकापुर - रामानुजगंज राष्ट्रीय राजमार्ग पर राजपुर के समीप गेउर नदी में बाढ़ का पानी खतरे के निशान को पार कर गया। बाढ़ का पानी लगातार पुल के ऊपरी हिस्से से टकराने लगा था लेकिन बीच में थोड़ी देर के लिए बारिश बंद होने के बाद जल स्तर कुछ कम हुआ। राजपुर के पावर हाउस के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी कई फीट पानी सड़क पर बहता रहा। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी सुबह से ही जानमाल का नुकसान रोकने सक्रिय नजर आए। भारी बारिश से सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है



बारिश के कारण राजपुर - ओकरा - धौरपुर मार्ग सुबह से बंद रहा। इस मार्ग पर गेउर नदी पुल के ऊपर पांच से छह फीट पानी बहने से आवागमन अवरुद्ध हो गया। इससे राजपुर ब्लॉक के ओकरा,पतरापारा, अमदरी,कोरगी, पंचायत का संपर्क ब्लाक मुख्यालय से टूट गया दूसरे जिलों को जोड़ने वाली धौरपुर लुंड्रा क्षेत्र का भी संपर्क कट गया।राजपुर से प्रतापपुर को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग में जूनापारा डायवर्सन पुलिया के ऊपर पानी बहने व सिंगचोरा घरघोड़ा नाला के पास पुलिया के ऊपर दो फीट पानी बहने से आवागमन अवरुद्ध हो गया। इस मार्ग चलने वाली बस झींगो -करा होते हुए गोपालपुर मार्ग से होकर गुजरी। नवकी, बगाड़ी, सिंगचोरा के यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। इस मार्ग को दोपहर तीन बजे ठेकेदार के द्वारा नवकी जूनापारा डायवर्सन पुलिया के ऊपर डब्लूवीएम गिट्टी डालने के बाद आवागमन चालू किया गया। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग में राजपुर गेउर नदी पुल के करीब बाढ़ का पानी पहुंच गया था। राजपुर पावर हाउस पुल के पास दो फीट पानी भर जाने से बड़ी - छोटी वाहन के चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसके अलावा राजपुर- बकसपुर मार्ग को जोड़ने वाली शराब दुकान के नजदीक के पास पुलिया के ऊपर से पानी जाने बहने के कारण सड़क के किनारे मिट्टी कट गई और बड़ा गड्ढा हो गया।राजपुर एसडीएम राजीव जेम्स कुजूर के नेतृत्व में पुलिस व प्रशासन का अमला सुबह से ही सक्रिय रहा। ओकरा गेउर नदी पुल के दोनों किनारे कोटवार व पुलिस टीम को लगाया गया ताकि कोई पुल को पार न करें।

# मौसम में सुधार, कोयला खदानों में स्थिति सामान्य होने के आसार

## गेवरा के ओबी फेस में कई वाहन आए थे चपेट में

**कोरबा।** जिले में स्थित साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड गेवरा क्षेत्र की गेवरा कोयला माइंस में भारी बारिश के कारण शुक्रवार को हुए हादसे में बड़ी संख्या में चपेट में आए जो यहां पर ओवर बर्डन हटाने के काम में लगाए गए थे। कहां जा रहा है कि हर बार बारिश के मौसम में जब इस प्रकार की घटनाएं होती है तो स्थितियां ऐसी ही बन जाती हैं। घटना में कोयला कंपनी को किसी प्रकार के नुकसान होने की खबर नहीं है लेकिन यह कहा जा रहा है यह घटनाक्रम से कामकाज रुकने के कारण अप्रत्यक्ष रूप से असर जरूर पड़ा है। हालांकि पिछली रात से मौसम खुला होने के कारण प्रभावित क्षेत्र में हालात बेहतर होने की संभावना जताई जा रही है।

अकाल इंडिया की लाभकारी कंपनी में शामिल एसईसीएल में स्थित गेवरा कोल माइंस का नाम इसलिए सुर्खियों पर है क्योंकि वह कोल इंडिया के साथ-साथ देश नहीं बल्कि पूरे दुनिया की सबसे बड़ी माइंस में गिनी जाती है। गेवरा माइंस से कंपनी का लक्ष्य प्रस्तावित विस्तार के साथ



एक वर्ष में 72 मिलियन टन कोयला उत्पादन करने का है। इसलिए यहां पर कई प्रकार के कार्य को बढ़ावा दिया गया है। आउटसोर्सिंग के अंतर्गत खदान से ऑफर बर्डन हटाने का कॉन्ट्रैक्ट केजे सिंह कंपनी को मिला हुआ है, जिसके ओबी फेस पर पिछले मध्य रात्रि को तेज बारिश के दौरान बड़ी मात्रा में ओवर बर्डन का मलबा बहकर आ गया। इसके प्रभाव से बड़ी संख्या में निजी कंपनी के वहां आ गए। जबकि कुछ वहां मौके पर गिर पड़े। हैप्पी मशीनरी का उपयोग खदान में प्राथमिक कार्य पूरा करने के लिए किया जाता है। घटना के बाद कोयला कंपनी की ओर से इस बारे में किसी प्रकार की जानकारी देने में रुचि नहीं दी गई। मालूम चला है कि घटना में सीधे तौर पर संसाधन की खराबी को लेकर सीधा नुकसान एसईसीएल को नहीं हुआ है, बल्कि यह कॉन्ट्रैक्ट एजेंसी की परेशानी का विषय है। जानकारी देने वाले सूत्रों का कहना है कि बीते कुछ घंटे से मौसम के रूप में सुधार हुआ है। बारिश बंद होने के साथ मौसम खुला हुआ है, इससे हालात बेहतर हुए हैं। इस दौरान उन वाहनों में जरूरी साफ सफाई करना संभव होगा जो कल बड़ी मात्रा में मलवा बहने के कारण प्रभावित हुए थे। इस घटना के चक्कर में सीसीएल गेवरा माइंस में ओवर बर्डन हटाने से संबंधित प्रक्रियाएं बाधित हो गई थी। खबर है कि प्राकृतिक घटना से उत्पन्न स्थिति के बारे में कोयला कंपनी की ओर से ऊपर जानकारी भेज दी गई है ताकि बाद में अधिकतम सवाल जवाब से बचा जा सके।

### लक्ष्य कम होता है इस मौसम में

जानकारों का कहना है कि न केवल साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड बल्कि देश की सभी कोयला कंपनिया भारत के मौसम में संभावित खतरों को देखते हुए उत्पादन लक्ष्य कम लेकर ही चलती हैं। ताकि उनका काम भी चला रहे और आंच भी ना आने पाए। उदाहरण के तौर पर अगर गेवरा माइंस में गर्मी और ठंड के मौसम में प्रतिदिन 80 हजार टन ओवर बटन हटाया जाना है तो बारिश के मौसम में यही मात्र 20 से 25000 टन पर आकर ठहर जाती है। क्योंकि शीर्ष प्रबंधन भी मौसम के दौरान खदानों की स्थिति के बारे में भली भांति जानकारी रखता है। बताया गया कि बारिश की समाप्ति के बाद खदानों में उत्पादन से संबंधित सभी प्रकार के कार्यों में तेजी आ जाती है और फिर यह सिलसिला मौसम के सामान्य रहने तक यूं ही जारी रहता है।

## साधक जाएंगे रायगढ़

**कोरबा।** सिद्ध आश्रम साधक परिवार के द्वारा 17 अगस्त से रायगढ़ में साधना शिविर का आयोजन किया गया है। इस साधना शिविर में गुरू देव कैलाश चंद श्रीमानी गुरू दीक्षा के अलावा विशेष दीक्षा प्रदान करेंगे। भजन कीर्तिन के अलावा भोग का वितरण भी होगा। धनश्याम बरेठ ने इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि कोरबा जिले से भी सैंकड़ो साधक रायगढ़ जाएंगे। इधर गुरूधाम पथर्रीपारा में प्रत्येक सोमवार को रूद्र अभिषेक किया जा रहा है। इस कार्य में धनीराम साहू ,आरएल साहू ,अखिल बैश, राधेलाल कर्ष सहित अनेको साधक भाग ले रहे है।

## तिंरगा यात्रा निकालेंगे भाजपाई

**कोरबा।** भाजपा के द्वारा तिंरगा यात्रा बांकी मोगरा मंडल में निकाली जाएगी। नगर पालिका बांकी मोगरा से बांकी चौक तक तिंरगा यात्रा में नगर पालिका के सफाई कर्मचारी व भाजपाई शामिल होगे। इस कार्य में मनीष मिश्रा , हनुमान पाण्डेय , मुकुल कर्ष, लखन राठौर सहित अन्य कार्यकर्ताओं का सहयोग किया जाएगा। हरदी बाजार नगर मंडल में भी 12 अगस्त को मोटर साइकिल रैली बस स्टैड से निकाली जाएगी। इस कार्य में चुलेश्वर राठौर, नरेश टंडन, अरूणीश तिवारी, हरीश थरवानी सहयोग करेगें।

## अग्रसेन कॉलेज में हुई साक्षरता कार्यशाला

**कोरबा।** अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में तीन दिवसीय वित्तीय साक्षरता कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा दी गई बैंकिंग, ऑनलाईन, बीमा, कानून सहित अन्य जानकारियों से छात्र-छात्राएं लाभान्वित हुए। कार्यशाला के संबंध में जानकारी देते हुए अग्रसेन शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुनील जैन ने बताया कि डीएसटी नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एवं पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय वित्तीय साक्षरता कार्यशाला 6 से 8 अगस्त तक अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में आयोजित की गई।

# महंगा पड़ा शनि का चक्कर दो चोर पुलिस के हत्थे चढ़ा


**कोरबा।** कोतवाली थानांतर्गत सीतामणी स्थित शनि मंदिर में चोरी करने पहुंचे दो युवकों की पुजारी और मौके पर मौजूद लोगों ने जमकर खातिरदार की फिर पुलिस के हवाले कर दिया। दोनों पुजारी का मोबाईल चोरी कर भागने के फिराक में थे,लेकिन सफल नहीं हो सके। दोनों युवक रामसागर पारा के निवासी है,जिनके खिलाफ पुलिस द्वारा जरुरी कार्रवाई की जा रही है।

वीओ- तस्वीर में नजर आ रहे ये वही दो चोर हैं,जो सीतामणी स्थित शनि मंदिर में चोरी करने पहुंचे थे। इससे पहले की दोनों अपने मंसूबों में कामयाब हो पाते,पकड़े गए। दरअसल दोनों युवक रामसागर पारा के निवासी है,जो मंदिर में पुजारी का



मोबाईल चोरी करने पहुंचे थे। पूजा में व्यस्त पुजारी का मोबाईल दोनों ने पार कर लिया था,और भागने के फिराक में थे,लेकिन पुजारी ने दोनों को देख लिया और लोगों के सहयोग से पकड़ लिया। पहले तो दोनों की जमकर खातिरदारी की गई फिर पुलिस के आने तक मंदिर में बिठाए रखा। जैसे ही पुलिस मंदिर में पहुंची उसे उनके हवाले कर दिया गया।

# धरमजयगढ़ से कुदमुरा पहुंचा 11 हाथियों का दल



**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज में 11 हाथियों के दल ने एक बार फिर दस्तक दे दिया है। धरमजयगढ़ क्षेत्र से हाथियों का यह दल कल शाम को वनपरिक्षेत्र की सीमा पर प्रवेश किया और जंगल ही जंगल होते हुए कुदमुरा बीट पहुंच गया। यहां जंगल में कुछ देर विश्राम करने के बाद रात को आगे बढ़ा और करतला वनपरिक्षेत्र के कलगामार पहुंच गया। यहां जंगल में रात भर विचरण करता रहा और सुबह होने से पहले वापस कुदमुरा पहुंचकर जंगल में डेरा डाल दिया। बड़ी संख्या में हाथियों के पहुंचने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

वन अमला सर्तक हो गया है कुदमुरा व आसपास के गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सर्तक किया जा रहा है। इस बीच खोडरी व खैरभावना में तीन महिलाओं को मौत की नींद सुलाने वाला खतरनाक लोनर हाथी पंतोरा के पास छाता जंगल में डेरा डाला हुआ है। जिसकी निगरानी वन अमले द्वारा चारों ओर से की जा रही है। लोनर के कोरबा जिले में फिर आने की संभावना है इसे देखते हुए विशेष सर्तकता बरती जा रही है। उधर कटघोरा वन मंडल के जटगा, पसान एतमा नगर व केंदई रेंज में हाथियों की लगातार सक्रियता बनीं हुई है। जटगा रेंज के मुकुवा जंगल में दस हाथी एक माह से जमे हुए है। जबकि केंदई रेंज के कापा नवापारा में 20 हाथियों की उपस्थिति कई दिनों से कायम है। एतमा नगर रेंज के गुरसिया परिसर में 24 हाथियों की मौजूदगी से खरता बना हुआ है। हाथियों का यह दल बस्ती में घुस गया था और उत्पात मचा कर दहशत फैलाने की कोशिश में लगा था।

सूचना मिलने पर वन अमला मौके पर पहुंचा और हाथियों को खदेड़ने की कार्रवाई की। इस दौरान हाथियों ने एक दो घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा दिया। जबकि पसान रेंज के तरईमार व आसपास के गांवों में उत्पात मचाकर ग्रामीणों के नाक में दम कर देने वाले दो दंतैल हाथी सेन्हा के रास्ते हरदेवा पहुंच गया है। दंतैल हाथियों ने सेन्हा गांव में एक ग्रामीण के मकान को निशाना बनाते हुए ढहा दिया।

# अतिवृष्टि से फसल डूबने पर किसानों ने किया प्रदर्शन, प्रशासन ने संभाली स्थिति

**कोरबा।** अतिवृष्टि के कारण कटघोरा के कसनिया क्षेत्र में किसानों की लगभग 45 एकड़ में लगी फसल डूब गई। नुकसान से नाराज किसानों ने मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। कारण बताया गया कि राइस मील की बाउंड्रीवाल के कारण समस्या बनी है, इसे निराकृत किया जाए। कुछ घंटे बाद प्रशासन और पुलिस की टीम यहां पहुंची। उचित कार्रवाई का भरोसा मिलने पर किसान मौके से हटे।

नगर पालिका कटघोरा और पोड़ी उपरोड़ा अनुविभाग से यह मामला जुड़ा है, जिसका समाधान कुछ घंटे बाद हो सका। किसानों ने वहां प्रदर्शन करने की सूचना पर कटघोरा पुलिस मौके पर पहुंची और थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी की समझाइश के बाद चक्काजाम समाप्त हुआ। कटघोरा थाना प्रभार धर्मनारायण तिवारी, पोंडी उपरोड़ा तहसीलदार विनय देवांगन व नगर पालिका



सीएमओ ज्ञानपुंज कुलमित्र मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायज़ा लिया। थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि मौके का जायज़ा लेने पर यह बात स्पष्ट हैं कि किसानों का नुकसान हो रहा है तहसीलदार द्वारा मौका का निरीक्षण कर पानी निकासी का रास्ता और हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति किसानों को दिलाया जाएगा।

पोड़ी उपरोड़ा तहसीलदार विनय देवांगन ने बताया की राइस मिल की बाउंड्री होने के वजह से यह समस्या निर्मित हुई है जिससे किसानों की खेती का नुकसान हो रहा है। फिलहाल पानी निकासी के बाऊंड्री वाल की बगल से नाली बनाकर पानी निकासी का रास्ता बनाया जाएगा। जिससे खेतों में भरा पानी निकल सके।

## चारदीवारी तोड़ी, निकासी के लिए नाली खोली

**कोरबा।** बारिश के कारण नगर में लगातार समस्याएं पैदा हो रही है। नगर निगम ने इसके मद्देनजर सीएसईबी कालोनी के एक मार्ग पर बाउंड्रीवाल के कुछ हिस्से को तोड़ दिया। इसके साथ ही कोसाबाड़ी चौक तक सड़क के एक तरफ लगभग 250 मीटर के हिस्से में नाली खोदी है ताकि पानी की निकासी हो सके। फिलहाल यह काम वैकल्पिक रूप से किया गया है। बाद में इसे पक्का कराने की योजना है। बारिश के मौसम में शहर के अलग-अलग हिस्सों में जल भराव की स्थिति निर्मित हुई जिसने कई प्रकार की परेशानियों को जन्म दिया। इसके चलते लोगों के कार्यों पर बाधाएं उत्पन्न हुई।

## रामायण पाठ कल

**कोरबा।** रामचरित मानस के रचियता गोस्वामी तुलसीदास की जयंती श्रावण शुक्ल सप्तमी को मनाई जाएगी। नगर निगम कालोनी स्थित मृत्युंजय मंदिर परिसर में इस अवसर पर रामायण पाठ होगा। कुछ वर्ष पहले निगम ने यहां के गार्डन में तुलसी दास की प्रतिमा स्थापित की थी।

## पदोन्नति मिलने पर कई संकुल समन्वयकों को हटाया जाएगा शीघ्र

**कोरबा।** शिक्षा विभाग ने तय कर लिया है कि बहुत जल्द ऐसे सभी संकुल समन्वयकों को दोहरी जिम्मेदारी से हटा दिया जाएगा जो प्राथमिक या माध्यमिक विद्यालय में प्रधान पाठक बनने के साथ पदस्थापित हो चुके हैं। इससे पहले वे व्यवस्था के आधार पर शिक्षकीय कामकाज और समन्वयक की जिम्मेदारी देख रहे थे। नियमों के अंतर्गत संकुल बदलने के साथ कार्य क्षेत्र स्वाभाविक रूप से परिवर्तित हो गया है। जिले में ऐसे सीएससी की संख्या दहाई से ज्यादा बताई जा रही है जो काफी महीने पहले पदोन्नत हो चुके हैं और उन्हें नई संस्था में प्रधान पाठक का दायित्व दिया जा चुका है। बताया गया कि गलत तरीके से ऐसे समन्वयक अभी भी दूसरे संकुल में जमे हुए हैं। इस तरह की जानकारी के बाद आगे प्रस्ताव भेजा गया है और उक्तानुसार कार्यवाही करने को कहा गया है।

## जारी रहेगा साइलेंसर हटाओ अभियान

**कोरबा।** आम लोगों के लिए सिरदर्द बन रहे मोडिफाइड साइलेंसर को हटाने के लिए पुलिस का अभियान लगातार चलेगा। एडिशनल एसपी नेहा ठाकुर ने बताया कि पिछले दिनों अभियान की शुरुआत की गई। सड़क पर कार्रवाई के साथ ही उन दुकानों से भी ऐसे साइलेंसर जब्त किए गए जो यहां बिक्री के लिए रखे गए हैं। ऐसे मामलों में बीएनएस की धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई हो रही है।

## पिछले वर्ष से अधिक तिरंगा ध्वज बिक्री होने की उम्मीद

**कोरबा।** डाक विभाग को उम्मीद है कि इस वर्ष स्वाधीनता दिवस पर्व तक जिले में रिकार्ड संख्या में स्टैंडर्ड साइज के तिरंगा ध्वज की बिक्री हो सकेगी। जिले को 30 हजार से ज्यादा ध्वज प्राप्त हुए हैं। मुख्य और शाखा डाकघरों के माध्यम से इसकी बिक्री कराई जा रही है। डाक विभाग ने हस्तशिल्प विभाग के माध्यम से इन्हें तैयार कराया गया है। मुख्य डाकघर के अधिकारी विजय दुबे ने बताया कि मांग अधिक होने पर अतिरिक्त मात्रा की आपूर्ति कराई जाएगी ताकि नागरिकों को ध्वज उपलब्ध कराया जा सके।

इससे पूर्व अगस्त क्रांति दिवस पर तिरंगा ध्वज रैली जिला और अन्य स्थान पर निकाली गई। इसके माध्यम से लोगों को संदेश दिया गया कि स्वाधीनता दिवस पर उन्हें अपने घर और संस्थान में ध्वज लगाना है।

# बालको ने टीबी रोग के रोकथाम के लिए चलाया जागरूकता अभियान

**कोरबा।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने टीबी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम महिला आरोग्य समिति (मास) और ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति (वीएचएसएनसी) के सदस्यों के बीच जागरूकता को बढ़ाने के लिए किया गया। डॉ. जी.एस. जात्रा नोडल अधिकारी टीबी/एचआईवी कार्यक्रम, कोरबा के नेतृत्व में प्रशिक्षण दिया गया। कंपनी द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दो बैचों में 100 से अधिक सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य मास और वीएचएसएनसी सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्र में टीबी रोग नियंत्रण और रोकथाम को लेकर उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना। कार्यक्रम की मदद से मास और वीएचएसएनसी सदस्यों की क्षमता बढ़ाने के साथ सदस्यों द्वारा एक कार्य योजना विकसित करना जिससे टीबी रोग की चुनौतियों का सामना किया जा सके। कंपनी ने टीबी जागरूकता अभियान के तहत स्थानीय स्वास्थ्य निकाय (मास और वीएचएसएनसी) के 45 फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं के रूप में तैयार किया। टीबी



मुक्त भविष्य के लिए टीबी जागरूकता, पहचान, कारण, संपर्क ट्रेसिंग और परीक्षण में सुधार आदि के बारे में 600 से अधिक सामुदायिक सदस्यों को जागरूक किया गया।

टीबी से पीड़ित व्यक्तियों के उपचार और स्वास्थ्य सुधार में उचित पोषण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एक संतुलित आहार प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने, समग्र स्वास्थ्य में सुधार करने और टीबी दवाओं की प्रभावशीलता को बढ़ाने में मदद करता है। पोषणयुक्त आहार सुनिश्चित करने के लिए कंपनी ने जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से निक्षय मित्र पहल को लागू किया। इसके अंतर्गत कंपनी ने 56 गांवों के 22 टीबी रोगियों के आहार के लिए 6 महीने तक कर्मचारियों की स्वयंसेवा के माध्यम से वित्तीय सहायता दी गई। सहायता प्राप्त 90 प्रतिशत लोगों के स्वास्थ्य में सुधार हुआ तथा उपचाराधीन बाकी रोगियों के ठीक होने की संभावना सकारात्मक है।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि कंपनी अपने संयंत्र के आसपास के समुदायों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम से समुदाय में टीबी रोग की पहचान कर उनका करने में आसानी होगी। समुदाय के स्वास्थ्य देखभाल को सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। हमारा लक्ष्य इस क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं को बढ़ाना है और इसके साथ दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों और समुदाय के कमजोर वर्गों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है।

डॉ. जी.एस. जात्रा नोडल अधिकारी ने बालको मितान भवन में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि मास और वीएचएसएनसी के सदस्य समुदाय में टीबी रोग नियंत्रण और रोकथाम पर चर्चा करके जागरूकता बढ़ाने का कार्य करें। प्रशिक्षण में मिली जानकारी से सदस्य समुदाय में टीबी रोग पर फैली भ्रांतियों को दूर करने का काम करें। इस तरह के कार्यक्रम कंपनी द्वारा समुदाय के स्वास्थ्य एवं भलाई की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

बीते वित्त वर्ष 600 से अधिक सामुदायिक सदस्यों को टीबी रोग की समस्या के बारे में जागरूक किया। बालको की आरोग्य परियोजना स्वास्थ्य देखभाल और समुदाय की सेवा करने पर केंद्रित है। आरोग्य परियोजना के उपचारात्मक सेवाओं के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024 में लगभग 49000 व्यक्तियों को स्वास्थ्य लाभ मिला है। कंपनी समुदायों के लिए स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न सामाजिक कल्याणकारी परियोजनाओं में सक्रिय रूप से शामिल रहा है।


श्रद्धांजलि



जननायक स्व. पं. धर्मदत्त पाण्डेय
की 61वीं पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन
ग्राम पंचायत सिवनी (नैला) के प्रथम निर्वाचित सरपंच (1952) एवं न्याय पंचायत नैला के पूर्व उपाध्यक्ष स्व. पं. धर्मदत्त जी पाण्डेय की 61वीं पुण्यतिथि 10 अगस्त 2024, शनिवार को है। परम्परानुसार आयोजित श्रद्धांजलि के अवसर पर ट्राई साइकिल वितरण, पौधारोपण और प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम के
मुख्य अतिथि - श्री नारायण चंदेल जी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष, छ.ग. विधानसभा
अध्यक्षता - श्री रघुराज प्रसाद पाण्डेय जी, पूर्व अध्यक्ष न.पा.प. जांजगीर-नैला
विशिष्ट अतिथि - श्री ईश्वरी प्रसाद यादव जी, वरिष्ठ साहित्यकार
श्री गुलाब सिंह चंदेल जी, जिला अध्यक्ष, भाजपा, जांजगीर-चांपा
श्री चुन्नीलाल साहू जी, पूर्व विधायक
श्री चन्द्रकांत तिवारी जी, सदस्य, छ.ग.मा.शि.मंडल, रायपुर
के सानिध्य में संपन्न होगा।
कार्यक्रम
दिनांक - 10 अगस्त 2024, शनिवार
समय - दोपहर 2.00 बजे
स्थान - स्व. पं. धर्मदत्त पाण्डेय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिवनी (नैला)
-विनीत -
ग्राम पंचायत सिवनी (नैला)
जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)



होटल आकाश
सर्व सुविधायुक्त रूम एवं हॉल उपलब्ध
हॉल -
400Sq.ft. से लेकर 2500Sq.ft. तक
15 से लेकर 300 व्यक्तियों की व्यवस्था
तरुण छत्तीसगढ़ के बगल में, तिलक मार्ग बुधवारी बायपास रोड, कोरबा (छ.ग.)
बर्थडे पार्टी, तिलक समारोह, कीटी पार्टी एवं हर प्रकार के सामाजिक समारोह के लिए आपके बजट पर हमेशा तैयार मिलेगा।



संपर्क करें 9425223290, 8908530000, 8103865081


स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com